संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार, 27 नवंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 317 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संविधान सदन में लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष रवि राय को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।

**फास्ट न्यूज**

## इस्राइली सेना के हमले में हमास के चार कमांडर ढेर

**तेल अवीव:** पश्चिमी एशिया में हिंसक संघर्ष जारी है। हमास के आतंकी ठिकानों के निशाना बना रही इस्राइली सेना के हमले में हमास के चार कमांडर ढेर हुए हैं। हमास के सैन्य कमांडरों के मारे जाने का दावा मीडिया रिपोर्ट्स में किया जा रहा है। खबरों के अनुसार, इस्राइली सेना ने उत्तरी गाजा ब्रिगेड कमांडर अहमद अल घनडॉर को भी मार गिराया है। हमास के कमांडरों के मारे जाने का दावा हमास की तरफ से जारी बयान में किया गया।

## जगन्नाथपुर मंदिर में हुई चोरी मामले का खुलासा, एक गिरफ्तार

**रांची।** धुर्वा थाना पुलिस ने जगन्नाथपुर मंदिर में हुई चोरी मामले का खुलासा करते हुए सन्नी उरांव को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी का पारा लाईट पांच पीस, माईक सेट दो पीस, चार हजार रुपये, सोने का एक छोटा टिकूली , सोने का दो जितिया लॉकेट, एक छोटा बेलपत्र, एक पायल, एक बिछिया, चांदी का तीन लॉकेट, चांदी एक छोटा सिक्का और चांदी जैसा बना तीन छोटा-छोटा पत्तर बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को बताया कि 21 नवम्बर को अज्ञात चोरों ने मंदिर में लगे साउंड सिस्टम, लाइट सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एक टीम का गठन किया

# कांग्रेस-बीआरएस परिवारवाद के सबसे बड़े प्रतीकः मोदी

## कांग्रेस ने देश में सुल्तानशाही को दिया बढ़ावाः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**पीएम ने कहा**

8 देश में आतंकवाद के कारण कितना बड़ा नुकसान हो चुका है और कमजोर सरकारें देश का क्या कर सकती हैं।



**टीम एक्शन इंडिया/तेलंगानाः** तेलंगाना विधानसभा चुनाव 2023 में मतदान 30 नवंबर को होना है। भाजपा धुआंधार चुनाव प्रचार कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी बीजेपी की जनसभा को संबोधित करने मेडक और तूप्रान पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस और सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों में कोई अंतर नहीं है। पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस ने देश में सुल्तानशाही को बढ़ावा दिया, जबकि बीआरएस प्रमुख और मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने निजामशाही को बढ़ावा दिया।

**तेलंगाना में विधायकों पर कमीशन लेने के आरोप**

तूप्रान की रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस और बीआरएस परिवारवाद की सबसे बड़ी प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास बोफोर्स से लेकर हेलीकॉप्टर घोटाले में कमीशन खाने का पूरा ट्रैक रिकॉर्ड है। तेलंगाना के सीएम केसीआर भी स्वीकार करते हैं कि उनके विधायक 30% कमीशन लेते हैं। कांग्रेस के शाही परिवार के भी अधिकतर लोग भ्रष्टाचार के अनेक मामलों में जमानत पर घूम रहे हैं। केसीआर के परिवार के लोगों पर भी भ्रष्टाचार के अनेक मामलों की जांच चल रही है।

**कमजोर कांग्रेस सरकार की विदाई, 2014 के बाद से आतंकवाद पर सख्ती**

भाजपा की एक और चुनावी रैली को संबोधित करने मेडक पहुंचे पीएम मोदी ने कहा, 15 साल पहले 26 नवंबर के दिन देश एक बड़े आतंकी हमले का शिकार हुआ था। इस हमले में कई निर्दोष देशवासियों की मौत हो गई।

प्रधानमंत्री ने कहा, 26/11 का दिन हमें यह भी याद दिलाता है कि देश में आतंकवाद के कारण कितना बड़ा नुकसान हो चुका है और कमजोर सरकारें देश का क्या कर सकती हैं।

उन्होंने अपने कार्यकाल में आतंकवाद के खिलाफ सख्त नीति अपनाए जाने का जिक्र किया और कहा, 2014 में देश की जनता ने कमजोर कांग्रेस सरकार को हटाकर मजबूत भाजपा सरकार बनाई।

इसी कारण आज देश से आतंकवाद का सफाया हो रहा है।

## चुनावी रैली में राहुल गांधी का बीआरएस पर हमला



**एंडोले :** तेलंगाना विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने को लेकर सभी दल जोर अजमाइश कर रहे हैं। तमाम दलों के नेता लगातार जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। कांग्रेस के स्टार प्रचारक भी लगातार चुनावी रैलियां आयोजित कर रहे हैं। इसी बीच, तेलंगाना के एंडोला में एक चुनावी रैली में राहुल गांधी ने शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने सत्तारूढ़ दल बीआरएस और भाजपा को जमकर घेरा। रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, राज्य के आठ हजार किसानों ने आत्महत्या क्यों की। आपके राज्य के विधायक ही दलित बंधु योजना में कटौती कर रहे हैं। भारत में सबसे भ्रष्ट सरकार तेलंगाना राज्य में ही है। मुझे बताते हुए दुख हो रहा है कि इसका खामियाजा सिर्फ तेलंगाना के लोगों को ही झेलना पड़ा। चुनावी रैली में राहुल गांधी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए कहा, हमने लोगों से छह वादे किए हैं। आपको बता दूं, राज्य में कांग्रेस सरकार आते ही ये वादे कानून में तब्दील हो जाएंगे।

# आतंकियों ने मुंबई को कमजोर करने की कोशिश कीः संजय राउत

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

मुंबई हमले की बरसी पर शिवेसना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा हमारी पुलिस ने मुंबई को बचाया...आतंकियों ने मुंबई को कमजोर करने की कोशिश की और अब कुछ राजनीतिक लोग ऐसा कर रहे हैं। उनके पास बंदूक और गोला बारूद नहीं है लेकिन वह मुंबई को कमजोर कर उसकी अहमियत घटाना चाहते हैं। इसके बाद संजय राउत ने कहा कि आज का दिन राजनीतिक बयानबाजी का नहीं है बल्कि आज मुंबई हमले में मारे गए लोगों और पुलिस अधिकारियों को याद करने का दिन है। लेकिन कश्मीर और मणिपुर में सुरक्षाबलों की जान जा रही है। कश्मीर और



मणिपुर में हालात चिंताजनक हैं और इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। वहीं मुंबई हमले की बरसी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर लिखा 'एक ऋणी राष्ट्र मुंबई हमले के सभी पीड़ितों को याद कर रहा है। हम उन परिवारों के साथ खड़े हैं और उन बहादुर आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।'मुंबई आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देने के बाद एनसीपी नेता सुप्रिया सुले ने कहा कि 26 नवंबर का दिन मुंबई और महाराष्ट्र के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश और दुनिया के लिए भी काला दिन है।

**विचार की जरूरत**

8 कश्मीर और मणिपुर में हालात चिंताजनक हैं और इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

## शिवसेना ने 26/11 के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**जम्मू।** शिवसेना (यूबीटी) जम्मू-कश्मीर इकाई ने रविवार को पार्टी मध्यवर्ती कार्यालय में 26/11 मुंबई हमले की 15वीं बरसी पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। पार्टी प्रदेश प्रमुख मनीश समेत तमाम उपस्थित पार्टी नेताओं ने दीए जलाकर वीरतापूर्ण शौर्य का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर सुरक्षा कर्मियों को याद करते हुए सैल्यूट किया तथा इनके परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। साहनी ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा कि इस दुखद घटना को याद कर आज भी शरीर और आत्मा कांप उठती है।

## 2040 तक भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 40 अरब डॉलर की होगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था साल 2040 तक करीब 40 अरब डॉलर की हो जाएगी। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने यह दावा किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुछ विदेशी एजेंसियों ने तो भारत की स्पेस इकॉनोमी के 2040 तक 100 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान जताया है।

उन्होंने कहा कि स्पेस इकॉनोमी बढ़ने के बाद वैज्ञानिकों को भी काम का बढ़िया माहौल मिलेगा। इसरो के रॉकेट लॉन्च की 60वीं



वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अभी हमारी स्पेस इकॉनोमी बहुत प्रभावी नहीं है और यह सिर्फ 80 लाख डॉलर पर टिकी है। लेकिन जल्द ही बड़ा बदलाव आने वाला है।



# मुख्य मंत्री तीर्थ यात्रा

## की शुरुआत

## पंजाब सरकार द्वारा धार्मिक स्थलों के नि:शुल्क दर्शनों हेतु विनम्र प्रयास


श्री अमृतसर साहिब


श्री हज़ूर साहिब


श्री पटना साहिब


श्री आनंदपुर साहिब


माता नैना देवी जी


श्री वृंदावन धाम


माता वैष्णो देवी जी


माता ज्वाला जी


वाराणसी


माता चिन्तपुर्णी जी


श्री खाटू श्याम जी, श्री सालासर धाम


ख़्वाजा अजमेर शरीफ़ दरगाह

## राज्य स्तरीय समारोह

27 नवंबर, 2023: सुबह 11:00 बजे

स्थान: धूरी

मुख्य अतिथि **श्री अरविंद केजरीवाल**
तीर्थ यात्रियों का पहला जत्था रवाना करेंगे



**भगवंत सिंह मान**
मुख्य मंत्री, पंजाब

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

# '1 लाख 80 हजार रुपये आय वाले परिवारों की लड़कियों की प्राइवेट कॉलेजों में शिक्षा होगी फ्री'



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने बड़ी घोषणा करते हुए प्रदेश के 1 लाख 80 हजार रुपये आय वाले परिवारों की लड़कियों की सरकारी व प्राइवेट कॉलेज में शिक्षा फ्री करने का ऐलान किया है। यही नहीं उन्होंने कहा कि 1 लाख 80 हजार रुपये से 3 लाख आय तक के परिवारों की लड़कियों की कॉलेज की आधी फीस सरकार देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन प्राइवेट कॉलेजों में फीस देनी होगी, वह हरियाणा सरकार देगी। उन्होंने समालखा को नगर पालिका से नगर परिषद बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह घोषणा रविवार को पानीपत जिला के समालखा में आयोजित जन आशीर्वाद रैली के दौरान की।

इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने समालखा वासियों के लिए करोड़ों रुपये की सौगात का पिटारा खोल दिया। उन्होंने कहा कि जहां जमीन मिलेगी, वहां 100-100 एकड़ के दो सैक्टर समालखा में बनाए जाएंगे। समालखा में 50 बेड के सीएचसी को 100 बैड का अस्पताल बनाए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अस्पताल से लघु सचिवालय तक जाने के लिए करीब 4 किलोमीटर का लंबा रास्ता है, इस रास्ते के बीच में कुछ जमीन पड़ती है, जो लोग जमीन देने के लिए तैयार हैं, इस जमीन के मिल जाने पर लघु सचिवालय से अस्पताल तक का सीधा करीब 1 किलोमीटर का रास्ता बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि करहंस गांव से पट्टीकल्याणा के पास जो माइनर है, उस पर पूर्वी बाईपास के रूप में 8 किलोमीटर लंबी सड़क बनाई जाएगी। उन्होंने रविदास सभा और कश्यप राजपूत धर्मशाला को 11-11 लाख रुपये देने की घोषणा की। समालखा से नरायणा फाटक पर अंडरपास के लिए 6 करोड़ 80 लाख रुपये के काम को करवाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि समालखा बस अड्डे के सामने हाईवे पर अंडरपास बनाया जाएगा। पंजाबी सभा के भवन के रुके हुए काम को पूरा किया जाएगा। चुलकाणा धाम पर लाइटें लगाने व सौंदर्यीकरण के लिए 2 करोड़ देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि 1 करोड़ 25 लाख की लागत से बापौली में सब्जी मंडी बनवाई जाएगी। बापौली गांव में बस अड्डा बनवाया जाएगा। नंगला आर ड्रेन पुल पर साढ़े 4 करोड़ रुपये खर्च कर पुल बनवा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने मार्केटिंग बोर्ड की 9 सड़कों के लिए साढ़े 8 करोड़ रुपये देने और पीडब्ल्यूडी की सड़कों की मरम्मत के लिए 25 करोड़ रुपये देने की घोषणा भी की। उन्होंने अग्रवाल समाज को 2012 में मिली जमीन के विवाद को भी जल्द सुलझाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व समालखा के लिए 57 घोषणाएं की गई थी, जिनमें से 42 पूरी हो चुकी है, बाकि घोषणाओं पर भी काम करवाया जा रहा है।

**1 महीने में खेल विभाग को सौंपा जाएगा भापरा स्टेडियम :** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पिछले वर्ष भापरा स्टेडियम का उद्घाटन किया था लेकिन वह अभी तक खेल विभाग को नहीं मिल पाया है। यह स्टेडियम आगामी 1 महीने में खेल विभाग को सौंप दिया जाएगा।

# गुरु पर्व और संविधान दिवस पर बच्चों को किया गया सम्मानित



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/शाहबाद (दलबीर मलिक)**राजकीय माध्यमिक विद्यालय भोकर माजरा में गुरु पर्व और संविधान दिवस के पर्व को मनाया गया। विद्यालय के मुख्य अध्यापक संजय कुमार लाहोट ने बताया कि आज गुरू पर्व और संविधान दिवस के अवसर पर विशेष आमंत्रित श्रीमती स्वीटी रंगा महिला प्रदेश अध्यक्ष महात्मा ज्योतिबा शिक्षा विकास विकास ट्रस्ट आमन्त्रित रही। विद्यालय के पंजाबी अध्यापक जोगिंदर सिंह के सहयोग से सभी बच्चों को , कॉपी पैन व मेडल देकर सम्मानित किया। मंच का संचालन धर्मवीर शास्त्री और जसबीर सैनी ने किया। स्वीटी रंगा ने कहा कि गुरुओं की शिक्षाओं का अनुसरण कर अपने जीवन को सफल बनाएं और समाज सेवा के लिए हमेशा आगे रहे ।दीन दुखियों की सेवा करें। समाजसेवी रंगा सिंह रंगा ने कहा कि राष्ट्रीय संविधान दिवस पर हम आज संकल्प लें के अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी पालन करें । रंगा ने कहा कि हम सबको संविधान जरूर पढ़ना चाहिए ताकि देश के विकास में योगदान हो सके।

# हुड्डा ने अमेरिका में एनआरआई समुदाय को किया संबोधित



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
सांसद दीपेन्द्र हुड्डा अमेरिका के सिलिकॉन वैली, सैन फ्रान्सिस्को में आयोजित 'मीट एंड ग्रीट' कार्यक्रम में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा के साथ शामिल हुए और एनआरआई समुदाय को संबोधित किया। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा इन दिनों अमेरिका के दौरे पर हैं। अमेरिका पहुँचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान वो भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात और बातचीत कर रहे हैं। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हरियाणा के प्रवासी भारतीय भी मौजूद रहे। दीपेन्द्र हुड्डा ने हाल के विधान सभा चुनावों की चर्चा करते हुए कहा कि हिमाचल और कर्नाटक के बाद हमें विश्वास है कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, राजस्थान और मिजोरम में भी कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि ये तो झांकी है पूरी पिक्चर अभी हरियाणा में दिखाना बाकी है। इस दौरान विधायक नीरज शर्मा भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि विदेशी धरती पर रह रहे भारतीयों की पुरानी यादें भारत के अलग-अलग हिस्से से जुड़ी हुई हैं। भारतीय मूल के लोगों ने दुनिया के हर मंच पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है। भारतीय मूल के लोगों ने बहुत से देशों में ल्र्ीं ड्ढा रइ्शे और सरकार में महत्त्वपूर्ण पदों पर रह कर अपनी सेवायें भी दी है और अभी भी दे रहे हैं, जो हम सभी भारतीयों के लिए विशेष सम्मान की बात है। आपकी उपलब्धियाँ और आपकी सफलता हमारे लिए मान-सम्मान का विषय है। प्रवासी भारतीय पूरी दुनिया में जहां कहीं भी गए उन्होंने देश का नाम रोशन किया। आज दुनिया भर में चिकित्सा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सूचना तकनीक, व्यापार आदि क्षेत्रों में भारतीयों ने अलग पहचान और मुकाम हासिल किया है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि आज सूचना प्रौद्योगिकी, तकनीक के क्षेत्र में पूरी दुनिया में हिंदुस्तान की अलग पहचान है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी के साथ इसकि नींव रखने में सबसे महत्वपूर्ण योगदान किसी का रहा था तो वो सैम पित्रोदा का था। सैम पित्रोदा के विशाल अनुभव, ऊर्जा से हम सभी को प्रेरणा मिलती है।

# डीजीपी की महिला सशक्तीकरण की मुहिम को रोहतक पुलिस का झटका, उत्पीड़ित महिला के विरुद्ध अतिक्रमण करने का मुकदमा किया दर्ज

**क्या है मामला**

8 ससुराल वालों से तंग महिला रेडीमेड कपड़े बेचकर कर रही बच्चों का पालन, पुलिस उठाकर ले गई सारा सामान

8 सुखपुरा चौकी इंचार्ज ने शिकायत के लिए अपनी चौकी के पुलिसकर्मी को बनाया शिकायतकर्ता और उसे ही जांच सौंप दी।

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश पर पुलिस महानिदेशक महिलाओं की सुरक्षा के लिए पूरे राज्य में अभियान चलाते हैं, लेकिन रोहतक पुलिस मुख्यमंत्री, गृह मंत्री और पुलिस महानिदेशक की इस कल्याणकारी पहल को नजरअंदाज करते हुए ऐसी महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक मुकदमा दर्ज करती है, जो अपने ससुराल वालों से तंग आकर अपने बच्चों का पालन-पोषण करने के लिए स्वयं का काम कर रही है। रोहतक पुलिस की सुखपुरा थाना चौकी के इंचार्ज ने दिव्या रेडीमेड स्टोर की मालकिन चिंकी अतुल गोयल के खिलाफ अतिक्रमण करने का मुकदमा दर्ज किया है। कमाल की बात यह है कि यह मुकदमा एक पुलिसकर्मी की शिकायत पर दर्ज किया गया और चौकी इंचार्ज ने उसी शिकायतकर्ता पुलिसकर्मी को जांच अधिकारी बना दिया है। दिव्या रेडीमेड स्टोर सुखपुरा चौकी के आसपास ही है। सुखपुरा चौकी पुलिस को सिर्फ इसी महिला की ओर से अतिक्रमण को बढ़ाया हुआ नजर आया, जबकि पूरे इलाके में उन्हें कोई ऐसा दुकानदार नहीं दिखा, जिसने अतिक्रमण कर रखा है। अतिक्रमण के नाम पर इस महिला ने अपनी दुकान के बाहर कुछ कपड़े रखे हुए थे, जिन्हें सुखपुरा चौकी के पुलिसकर्मी उठाकर ले गए। इससे महिला पर गरीब मार अलग से हो गई। हैरानी वाली बात यह है कि बेरी के रहने वाले पुलिसकर्मी अमन कुमार (521) की शिकायत को आधार बनाकर चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार ने महिला के विरुद्ध अतिक्रमण करने का मुकदमा दर्ज किया है। इससे महिला सुरक्षा के पुलिस महानिदेशक के अभियान को न केवल झटका लगा, बल्कि गृह मंत्री अनिल विज द्वारा पुलिस अधीक्षकों को दिए गए किसी निर्दोष को तंग नहीं करने के आदेशों की भी धज्जियां उड़ा दी गई हैं। अब इस महिला को अदालत से अपना सामान छुड़वाना पड़ेगा।
चौकी इंचार्ज को इस बात पर भी परेशानी है कि महिला अपनी समस्या लेकर उच्च अधिकारियों तक क्यों जा रही है। मानवता के नाते यदि कोई पड़ोसी इस महिला की मदद करता है तो उसके विरुद्ध भी पुलिस उत्पीड़न की कार्रवाई अमल में लाने का कोई मौका हाथ से नहीं जाने दिया जाता है। दिव्या रेडीमेड स्टोर के पास एक मेडिकल स्टोर है। पिछले दिनों चिंकी अतुल गोयल की सास और ननद ने उसके साथ मारपीट की तो कुछ लोग छुड़वाने आए, लेकिन पुलिस ने बिना मामले की तह में जाए और बिना वास्तविकता जाने न केवल चिंकी गोयल बल्कि मदद करने वालों के विरुद्ध भी कार्रवाई करने की तैयारी कर ली। उसमें सफलता नहीं मिलने पर सुखपुरा चौकी ने अब अतिक्रमण का मुकदमा दर्ज कर महिला उत्पीड़न का गजब उदाहरण पेश किया है। चिंकी अतुल गोयल के पति रोहतक नगर निगम में कर्मचारी हैं।
चिंकी का कहना है कि वह मेहनत कर अपने बच्चों का पेट पाल रही है। ससुराल वाले उसे तंग करते हैं। अगर कोई पड़ोसी मदद करता है तो ससुराल वालों की शिकायत पर सुखपुरा चौकी पुलिस उन्हें भी परेशान करती है।

# सीएम फ्लाइंग ने एक्साइज विभाग में मारा छापा

**नारनौल।** आज मुख्यमंत्री उड़न दस्ते द्वारा एक्साइज विभाग में छापेमारी की गई। इस दौरान विभाग के चौकीदार व पुलिसकर्मी को छोड़कर सारे अधिकारी और कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इसके लिए सीएम फ्लाइंग ने उनकी रिपोर्ट बनाकर आगामी कार्रवाई के लिए मुख्यालय भेज दी है।
मुख्यमंत्री उड़न दस्ते को जिला सचिवालय में स्थित आबकारी व कराधान विभाग के अधिकारियों के समय पर नहीं पहुंचने की शिकायतें मिल रही थी।
इन्हीं शिकायतों के आधार पर इंस्पेक्टर सत्येंद्र की अगुवाई में मुख्यमंत्री उड़न दस्ते रेवाड़ी की टीम ने आबकारी व कराधान विभाग के कार्यालय में सुबह 9:15 पर छापेमारी की।

# संविधान दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**भारत का संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ परंतु उसे दो महीने पहले 26 नवंबर 1949 को संविधान बनाने वाली सभा ने कई चचाओं एवं संशोधनों के बाद आखिरकार संविधान को अंगीकार किया गया। इसी उपलक्ष्य में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरिपुर की प्रार्थना सभा में संविधान दिवस पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई प्रधानाचार्य बलजीत सिंह जास्ट ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देकर की। विद्यालय के अधिकतर विद्यार्थियों ने आयोजित की गई विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया ,जिनमें भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता निबंध प्रतियोगिता, कविता वाचन प्रतियोगिता आदि रही। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य बलजीत जास्ट ने अपने संबोधन में संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर जी को युग निमार्ता के रूप में बताया। उन्होंने यह भी कहा कि हमारा संविधान संसार का सबसे लंबा संविधान है व इस संविधान में प्रत्येक वर्ग के अधिकारों का ध्यान रखा गया है। संविधान में व्यक्ति के न केवल अधिकार दिए गए बल्कि उनके कर्तव्य भी निर्धारित किए गए। देश के संविधान से ऊपर कोई शक्ति नहीं है।
उन्होंने मंच के माध्यम से बहुत सारी जानकारी विद्यार्थियों के साथ सांझा की।

# एनसीसी कैडेटस व अधिकारियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी



**सोनीपत।** एनसीसी दिवस पर शहीदी स्मारक पर 12 हरियाणा बटालियन एनसीसी के अधिकारियों ने रविवार को शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। एनसीसी अधिकारी मेजर संजय श्योराण ने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक को देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए जवानों को हमेशा याद करना चाहिए। हमें शहीदों की कुबार्नी को याद रख कर देश की एकता और अखंडता को बनाए रखना के लिए सदैव प्रयासरत रहना चाहिए। शहीदी स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित करने उपरांत 12 हरियाणा बटालियन एनसीसी सोनीपत के एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल विनोद कुमार ने कहा हम सभी एक अद्वितीय और गर्वित दिन एनसीसी दिवस मना रहे हैं। हमें हमारी प्रतिबद्धता, सेवा और साहस को स्मरण करने का अवसर देता है। लेफ्टिनेंट कर्नल ने कहा कि इस दिन पर, हमें याद रखना चाहिए कि हम सभी एक बड़े परिवार का हिस्सा हैं और हमारी मेहनत, आत्मसमर्पण, साहस, संघर्ष और निष्ठा से ही हम अपने लक्ष्यों को हासिल कर सकते हैं। कैप्टन नीतु नासियर, सूबेदार किरोड़ी, हवलदार सन्दीप कुमार, हवलदार विकास, हवलदार क्राइम कन्ट्रोल एंड ह्यूमन राईटस आगेर्नाईजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद कटारिया, जिला अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर, उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुकरेजा सहित राजकीय आईटीआई सोनीपत, हिन्दू कन्या कॉलेज, जीवीएम कॉलेज, हिन्दू कॉलेज सोनीपत के एनसीसी कैडेट्स द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# राज्यपाल दत्तात्रेय ने 12वें दीक्षांत समारोह में आर्यन्स छात्रों को संबोधित किया



**चंडीगढ /टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल, हरियाणा ने अपने दीक्षांत भाषण में छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि डिग्री धारकों को स्वयं निर्णय लेना होगा कि वे नौकरी निमार्ता बनना चाहते हैं या नौकरी प्रदाता बनना चाहते हैं। जीवन में सीखने की प्रक्रिया समाप्त नहीं होती है, बल्कि आज से नई शिक्षा और नए लक्ष्य प्राप्त करने की शुरूआत होती हैह्व, दत्तात्रेय ने कहा। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज का नेतृत्व करने की क्षमता विकसित करने और अवसर को परखकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा देश की संपत्ति हैं और उन्हें राष्ट्र निर्माण गतिविधियों में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र तभी विकसित हो सकता है जब युवा केंद्रित, अनुशासित और विकासोन्मुख हों और उन्होंने छात्रों से अनुशासन, देशभक्ति, ईमानदारी और भक्ति जैसे अच्छे मूल्यों को विकसित करने का आग्रह किया। राज्यपाल, हरियाणा ने कहा कि यह केवल दीक्षांत समारोह नहीं है बल्कि एक और चुनौतीपूर्ण जीवन की नई शुरूआत है। आज के छात्र कल के राष्ट्र के निमार्ता हैं। हमें छात्रों को उनके इच्छित क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद करने के लिए उन मजबूत सीमाओं को कम करने की आवश्यकता है जो हमने छात्रों पर लगाई हैं। जीवन में आगे बढ़ने और सफलता पाने के लिए छात्रों में भी सही दृष्टिकोण होना चाहिए, उन्हें सीखने के लिए खुला रहना चाहिए, रचनात्मक होना चाहिए और सामाजिक समस्याओं के बारे में सोचना चाहिएह्व, उन्होंने कहा। उन्होंने छात्रों को एक अच्छा नागरिक बनने और अपना तथा पूरे देश का नाम रोशन करने के लिए दिन-रात मेहनत करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, हमें भारतीय होने और भारत में पढ़ाई करने पर गर्व है क्योंकि हमने सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। राज्यपाल ने कहा कि आर्यन्स उन कॉलेजों में से है जो अपने छात्रों के समग्र विकास में अच्छा काम कर रहा है।
उन्होंने आर्यन्स के प्रबंधन को बधाई दी, जिसकी शुरूआत सिर्फ 100 छात्रों और 1 कॉलेज के साथ हुई थी और अब यह इंजीनियरिंग, कानून, प्रबंधन, नर्सिंग, फामेर्सी, डिग्री, शिक्षा, पैरामेडिकल आदि सहित 8 कॉलेजों में 3500 से अधिक छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। स्नातकों और स्नातकोत्तरों को अपने संबंधित जिलों में रोजगार विनिमय कार्यालयों में खुद को पंजीकृत करना होगा ताकि उनके राज्य के साथ-साथ देश भर में विभिन्न नौकरियों के उद्घाटन के लिए उनसे संपर्क किया जा सके। डॉ. अंशू कटारिया ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि समाज की प्रगति के लिए इन युवा प्रतिभाओं को जोड़ना आर्यन्स के लिए गर्व का क्षण है। कटारिया ने कहा कि हमें अपने पूर्व छात्रों से धन की आवश्यकता नहीं है, लेकिन हम चाहते हैं कि ये छात्र आने वाले वर्षों में अपने लिए, समाज और अपने राष्ट्र के लिए नाम और प्रसिद्धि अर्जित करें। प्रोफेसर राजीव कुमार, सदस्य, एआईसीटीई, नई दिल्ली और डॉ. पुनीत गिरधर, संयुक्त निदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान, पंजाब ने भी अपना दृष्टिकोण साझा किया और स्नातक छात्रों को बधाई दी।

# सभा ने नवनियुक्त निदेशक डा.सीडीएसी कौशल का किया अभिनंदन



**स्वागत**

8 जयनारायण शर्मा के नेतृत्व में डा. कौशल को सम्मान स्वरूप अंग वस्त्र और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के संस्कृत प्रकोष्ठ के नवनियुक्त निदेशक डा. सीडीएस कौशल का श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा के पदाधिकारियों ने अभिनंदन किया। वरदराज मंदिर में पहुंचने पर सभा द्वारा संचालित संस्कृत वेद विद्यालय के ब्रह्मचारियों ने वेद मंत्रोच्चारण के साथ डा. कौशल का स्वागत किया गया। सभा के मुख्य सलाहकार जय नारायण शर्मा, प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष यशपाल शर्मा, विशेष आमंत्रित सदस्य एवं केडीबी के सदस्य एमके मोदगिल, कार्यकारिणी सदस्य पृथ्वीनाथ गौतम, पूर्व प्रधान राजेंद्र जोशी, मुकेश जोशी और सुरेश दानी ने डा. कौशल का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। सभा की ओर से जयनारायण शर्मा के नेतृत्व में डा. कौशल को सम्मान स्वरूप अंग वस्त्र और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।
मुख्य सलाहकार जय नारायण शर्मा और प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा ने डा. कौशल की नियुक्ति पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डा. कौशल एक उच्च कोटि के विद्वान हैं, सरकार ने डा. कौशल को जो जिम्मेदारी सौंपी है उससे हरियाणा में संस्कृत का और अधिक विकास होगा। उन्होंने कहा कि डा. कौशल की नियुक्ति पर सभा हरियाणा सरकार का विशेष रूप से आभार व्यक्त करती है। ब्राह्मण नेताओं ने कहा कि डा. कौशल संस्कृत के प्रकांड पंडित हैं। डा. कौशल ने सभा द्वारा उनका अभिनंदन किया जाने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा संस्कृत एवं सनातन संस्कृति को संजोये रखने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। सभा द्वारा लंबे समय से कर्मकांड का वेद विद्यालय चलाया जा रहा है। इस संस्कृत वेद विद्यालय में वह कई बार आ चुके हैं।

# हिसार से सैंकड़ों किसानों ने किया चंडीगढ़ कूच



**हिसार।** संयुक्त किसान मोर्चे के आह्वान पर राजभवन 28 नवम्बर तक किए जाने वाले विशाल प्रदर्शन-घेराव-महापड़ाव में भाग लेने के लिए हिसार जिले से बड़ी संख्या में किसान सैंकड़ों ट्रेक्टर-ट्रालियों पर सवार होकर हिसार के विभिन्न गांवों व टोलों से रवाना हुए। किसानों को किसान सभा के जिला प्रधान शमशेर सिंह नंबरदार ने झंडी दिखाकर रवाना किया। किसान सभा की हिसार तहसील के प्रधान सूबे सिंह बूरा ने बताया कि हिसार तहसील के प्रत्येक गांव से किसान रविवार को पंचकूला के रवाना हुए। जिले से रवाना हुए किसानों का नेतृत्व तहसील प्रधान सूबेसिंह बूरा, रमेश मिरकां, राम लाडवा, ईश्वर सिंह ग्रेवाल, पंडित सतपाल, रोशनलाल पूनिया, किसान नेत्री कमला देवी, रोहतास राजली, ऋषिकेश राजली, सुरेन्द्र मान, राममेहर सरपंच लाडवा, कर्मबीर, बलराज, सुभाष कौशिक, राजकुमार पंघाल, मुन्ना, रामफल, राजेश शर्मा, कालिया, अमरचंद, कमल मान आदि ने किया।
किसानों की मुख्य मांगों में एमएसपी की गारंटी, बिजली विधेयक 2020-21 वापिस लेने, लखीमपुर खिरी के किसानों को न्याय व दोषियों को सजा मिले, किसान पूर्ण रुप से कर्ज मुक्त, बीमा कंपनियों की लूट से किसानों को बचाने, बर्बाद फसलों का मुआवजा आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि तीन दिनों तक किसान राजभवन का घेराव करेंगे व इन सब मुद्दों को लेकर किसान वहीं से आगामी आंदोलन की घोषणा करेंगे।

# 'आप' के 11 साल पूरे: 'जज्बे और जुनून में नहीं आई कोई कमी'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आम आदमी पार्टी का स्थापना दिवस आज है। आम आदमी पार्टी (आप) के गठन को भले ही अभी बहुत समय नहीं हुआ है, लेकिन गठन के 11 साल में ही आप ने अपने राजनीतिक करियर में कई बार उतार-चढ़ाव देखे हैं। कई प्रमुख नेताओं ने पार्टी छोड़ी या बाहर किए गए और कई राज्यों में दो-दो बार चुनाव लड़ने के बाद भी खाता नहीं खुल सका।

**दो राज्यों में सरकार:** दिल्ली में पहली बार सरकार बनाकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 49 दिन में इस्तीफा देना पड़ा था, लेकिन उसके बाद फिर से लगातार दो बार दिल्ली में बड़ी जीत के साथ सरकार बनाई। दिल्ली में तीन बार सत्ता में आने के साथ ही आप पंजाब में भी





सत्तासीन हुई और दिल्ली नगर निगम में भी कब्जा कर लिया है।

**गिरफ्तारी को राजनीतिक षड्यंत्र बता रही आप:** आप अब राष्ट्रीय पार्टी भी बन गई है, मगर इस सब के साथ ही आप विवादो में भी रही है। पिछले कुछ सालों में यह विवाद और बढ़ गए हैं, आप नेताओं में भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। इस समय आप के तीन बड़े नेता जेल में हैं। हालांकि आप इस गिरफ्तारी को राजनीतिक षड्यंत्र बताती है। आप की बात करें तो भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़े हुए अन्ना आंदोलन से निकलकर आप का गठन 2012 में हुआ था आइआरएस अधिकारी रहे अरविंद केजरीवाल व उनके साथ के कुछ लोगों ने इसका गठन किया था। एक साल बाद ही 2013 में आम आदमी पार्टी ने पहला चुनाव लड़ा।

**पहले चुनाव में मिलीं 28 सीटें :** 70 सीटों वाली दिल्ली विधानसभा में आप दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। उसे 28 सीटें मिलीं। कांग्रेस ने उसे बाहर से समर्थन दिया और दिल्ली में केजरीवाल की सरकार बन गई, लेकिन यह सरकार अधिक दिनों तक नहीं चल सकी, 49 दिन बाद केजरीवाल ने इस्तीफा दे दिया। इसके बाद 2015 में हुए दिल्ली विधानसभा के चुनाव में 70 में से 67 सीटें जीतीं। फिर 2020 के विधानसभा चुनाव में भी 70 में 62 सीटों पर जीत दर्ज की।

**कई चुनाव बुरी तरह हारी :** पंजाब की बात करें तो पंजाब में 2022 में 117 में से 20 सीटें हासिल कीं। आप के पास गोवा में दो और गुजरात में पांच सीटें हैं। वर्तमान में पार्टी के पास पूरे देश में 161 विधायक, एक सांसद और 10 राज्यसभा सदस्य हैं। दिल्ली नगर निगम में भी आप की सरकार है। हालांकि इन 10 साल में आप कई चुनाव बुरी तरह हारी भी है।

**400 सीटों पर लड़ा 2014 का लोकसभा चुनाव :** आप ने 2014 का लोकसभा चुनाव देश की 400 सीटों पर लड़ा।

# दिन को खाने की डिलीवरी, फिर रात को करता था गंदा काम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
क्राइम ब्रांच टीम ने एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया है, जो दिन में तो खाना डिलीवर करता था और रात को वाहनों की चोरी करता था। आरोपित की पहचान महावीर नगर के मोहित थरेजा के रूप में हुई है। उसके पास से छह दोपहिया वाहन बरामद किए गए हैं। पुलिस का दावा है कि आरोपित की गिरफ्तारी से चार आपराधिक मामलों को हल कर लिया गया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पश्चिमी रेंज-क की क्राइम ब्रांच टीम को जानकारी मिली थी कि वाहन चोर चंदर विहार इलाके में चोरी करने के लिए आएगा। अगर समय पर कार्रवाई की जाए तो आरोपित को रंगे हाथ पकड़ा जा सकता है। इसके बाद टीम ने जाल बिछाया व आरोपित मोहित थरेजा को गिरफ्तार



कर लिया। उसकी निशानदेही पर चोरी की पांच स्कूटी व एक बाइक बरामद की गई। पूछताछ के दौरान मोहित ने बताया कि वह चार वर्ष से जोमैटो और ब्लिंकइट में काम रहा था। ड्यूटी पूरी करने के बाद वह रात में जनकपुरी आदि इलाकों से पुराने लॉक वाली स्कूटी चोरी कर लेता था, क्योंकि पुराने लॉक को आसानी से तोड़ा जा सकता है। वह वाहन चोरी करने के लिए मास्टर चाबी का भी प्रयोग करता था।

# वसंत विहार इलाके में तेज रफ्तार स्कूटर ने हेड कॉन्स्टेबल की बाइक को मारी टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के वसंत विहार इलाके के पास एक तेज रफ्तार स्कूटर ने दिल्ली पुलिस को हेड कॉन्स्टेबल को टक्कर मार दी। सड़क हादसे में पुलिसकर्मी को सिर और कंधे में चोटें आईं हैं। पुलिस ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के वसंत विहार इलाके के पास कथित तौर पर एक तेज रफ्तार स्कूटर ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे दिल्ली पुलिस के 58 वर्षीय हेड कांस्टेबल घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि ये सड़क हादसा 22 नवंबर को तब हुआ जब पुलिसकर्मी सरदूल अपने घर जा रहे थे। पुलिस ने




अज्ञात स्कूटर सवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**ड्यूटी कर घर लौट रहे थे पुलिसकर्मी**
पीड़ित पुलिसकर्मी ने पुलिस टीम को बताया कि वह वर्तमान में मध्य जिले के संयुक्त पुलिस आयुक्त के कार्यालय में तैनात हैं और 22 नवंबर को ड्यूटी खत्म करने के बाद अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन चालक ने उन्हें टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।

# तीन मंजिला जूते की फैक्टरी में भीषण आग, फायर कर्मियों ने पाया काबू

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में फैक्ट्री में भीषण आग लग गई और देखते ही देखते आग की लपटे बाहर तक निकलने लगी। मौके पर पहले आधा दर्जन फायर की गाड़ियां भेजी गई। लेकिन आग की हालत को देखते हुए गाड़ियों की संख्या और बढ़ाकर धीरे-धीरे दो दर्जन से ज्यादा पहुंच गई। पानी के फायर टेंडर के अलावा आग पर काबू पाने के लिए फोम टेंडर की भी यूज किया गया। क्योंकि जिस फैक्ट्री में आग लगी थी उसमें प्लास्टिक के और रबड़ के पदार्थ भरे हुए थे। मौके पर पहुंचे फायर कर्मियों को पता चला कि वहां पर जूता और शोल बनाने का काम होता है। बिल्डिंग बेसमेंट, ग्राउंड और ऊपर की तीन मंजिल पर बनी हुई थी। मौके पर डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर एम. के चटोपाध्याय और सुमेश कुमार दुआ भी पहुंच गए। लगभग 4 घंटे की मशक्कत के बाद सुबह 7:00 बजे के आसपास आग पर काबू पाया गया। राहत की बात रही कि इसमें कोई हताहत या घायल नहीं हुआ। क्योंकि उस समय फैक्ट्री में कोई मौजूद नहीं था। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। लेकिन जब तक आग नहीं बुझी, तब तक वहां पर अफरातफरी का माहौल बना रहा। यह फैक्ट्री 300 स्क्वायर मीटर में बनी हुई है। आग एक फ्लोर पर लगी थी, जो धीरे-धीरे करके दूसरे फ्लोर तक भी पहुंच गई।

# जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर है राजधानी के लोग

**समस्या**

8 सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के वायु प्रदूषण में कमी लाने के लिए जमीनी स्तर पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) कुछ क्षेत्रों में 'गंभीर' श्रेणी में बना हुआ है। दिल्लीवासी जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, रविवार सुबह राजधानी के कई इलाकों में 400 के पार एक्यूआई दर्ज किया गया है। जहांगीरपुरी में 450, बवाना में 427, आनंद विहार में 433, अशोक विहार में 434, द्वारका सेक्टर-8 में 385, बुराड़ी में 404, आईजीआई एयरपोर्ट पर 360, आईटीओ पर 382, आया नगर में 320 एक्यूआई दर्ज किया गया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के वायु प्रदूषण में कमी लाने के लिए जमीनी स्तर पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। सरकार इस पर पूरी ताकत से



काम कर रही है। मैं दिल्ली की जनता से भी कहना चाहूंगा कि आज उत्तर भारत में प्रदूषण में पराली जलाने की बहुत कम घटनाएं शामिल हैं। अब, स्थानीय प्रदूषण स्रोतों के कारण उत्तरी एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ रहा है। मैं आग्रह करना चाहूंगा कि जिस तरह से जीआरएपी को सख्ती से लागू किया गया है दिल्ली में लागू, एनसीआर में भी नियमित निगरानी होनी चाहिए। बायोमास जलने का योगदान दिखाई दे रहा है क्योंकि वर्तमान प्रदूषण स्थानीय स्रोतों के कारण है। यह एनसीआर से दिल्ली में आ रहा है। मुझे लगता है कि हमें सामूहिक प्रयास करना होगा और बदलाव लाना होगा मौसम भी वायु गुणवत्ता में सुधार की गुंजाइश प्रदान करता है। भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के मुताबिक शनिवार को दिल्ली में मुख्य सतही हवा चार किमी प्रति घंटे की गति पूर्वोत्तर-पूर्व दिशाओं से चली। सुबह के समय आंशिक रूप से बादल छाए रहे व धुएं के कारण प्रदूषण स्तर को बढ़ने का मौका मिला। वहीं दिन में चली सर्द हवा के कारण प्रदूषण कण फैल नहीं पाए। हालांकि दिन में खिली हल्की धूप व हवा के रुख में आए बदलाव के कारण प्रदूषक तत्वों से थोड़ी राहत मिली जिस कारण शुक्रवार के मुकाबले प्रदूषण स्तर में मामूली सुधार हुआ। शनिवार को दिल्ली की वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में रही। रविवार से वायु गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद है।

# दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में पैसे लेकर जल्दी इलाज करवाने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।**
राजधानी दिल्ली के सरकारी अस्पातालों में सिक्योरिटी गार्ड के द्वारा मरीजों से पैसे लेकर जल्दी इलाज करवाने की शिकायत को सरकार ने गंभीरता से लिया है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री ने रविवार को उत्तरी-पश्चिमी दिल्ली स्थित डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर अस्पताल का निरीक्षण किया और शिकायतकर्ता और डॉक्टरों से बात की। सौरभ



भारद्वाज ने जानकारी दी कि डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर अस्पताल के सिक्योरिटी गार्ड के द्वारा मरीजों से पैसे लेकर जल्दी काम करवाने की शिकायत आई थी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर अस्पताल का आज औचक निरीक्षण किया है। उन्होंने कहा कि स्टाफ सच बताते हुए घबरा रहा था। मेरा उनसे निवेदन है कि आप भारत के जिम्मेदार नागरिक हैं और अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें।

**डिलीवरी के लिए मांगे 500 रुपये:** सौरभ भारद्वाज ने अस्पताल के निरीक्षण का एक वीडियो एक्स पर पोस्ट किया। वीडियो में पीड़ित अपनी शिकायतें मंत्री से बता रहे हैं। एक शख्स ने कहा कि एक्सरे के लिए पैसे लिए जा रहे हैं और उन्हें लाइन में भी नहीं लगना पड़ रहा है। एक महिला ने बताया कि महिला सिक्योरिटी गार्ड ने डिलीवरी के लिए 500 रुपये मांगे, लेकिन उसने नहीं दिए। इसके बाद सौरभ भारद्वाज ने विभिन्न विभागों के दस्तावेज की भी जांच की।

# स्पेशल सेल ने ड्रग सिंडीकेट के मेंबर को दबोचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम ने ड्रग्स सिंडिकेट के एक सक्रिय मेंबर को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान अश्विनी कुमार उर्फ आशू के रूप में हुई है। इसके पास से चार लाख 68 हजार अल्प्राजोलम टेबलेट बरामद किया गया है। जिसकी कीमत 2 करोड रुपए बताई जा रही है। यह लोग ड्रग्स के धंधे में इस तरह की दवाइयां का इस्तेमाल करते थे और इनका नेटवर्क दिल्ली और एनसीआर में फैला हुआ है। डीसीपी स्पेशल सेल इंगित प्रताप सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि एसीपी संजय दत्त और सुनील कुमार की देखरेख में पुलिस टीम ने इसके बारे में टेक्निकल सर्विलांस और अपने इंटेलिजेंस की मदद से पता लगाकर गिरफ्तार किया। आरोपी अश्वनी कुमार उर्फ आशु फिलहाल दिल्ली के रोहिणी इलाके में रहता था। इसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत स्पेशल

# कोयला आधारित बिजली संयंत्र दिल्ली-एनसीआर में बढ़ा रहे प्रदूषण

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
एक नए विश्लेषण के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में थर्मल पावर प्लांटों द्वारा उत्सर्जन मानकों का अनुपालन न करने से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। पर्यावरण से जुड़े थिंक टैंक. सेंटर फॉर साइंस एंड इंवायरमेंट ने दिल्ली-एनसीआर में 11 ताप ऊर्जा संयंत्रों से उत्सर्जित प्रदूषक तत्वों, नाइट्रोजन ऑक्साइड और सल्फर डाइऑक्साइड पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक अध्ययन किया है। यह अध्ययन केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की वेबसाइट पर मौजूद अप्रैल 2022 से अगस्त 2023 तक की उनकी पर्यावरणीय स्थिति रिपोर्ट पर आधारित है। सीएसई में रिसर्च एंड एडवोकेसी की कार्यकारी निदेशक अनुमिता रॉय चौधरी ने बताया कि ' दिल्ली-एनसीआर में पीएम 2.5 प्रदूषण में टीपीपी का योगदान लगभग आठ प्रतिशत है। यदि प्रदूषण के निरंतर



स्रोत, जैसे कि थर्मल पावर प्लांट, उच्च स्तर पर प्रदूषकों का उत्सर्जन जारी रखते हैं तो दिल्ली-एनसीआर स्वच्छ वायु बेंचमार्क हासिल नहीं कर सकता है और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा नहीं कर सकता है। सीएसई की रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा कई समय सीमा विस्तार और संशोधित वर्गीकरण के बावजूद, क्षेत्र के कई संयंत्र नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड और पार्टिकुलेट मैटर के उत्सर्जन के लिए निर्धारित मानदंडों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मंत्रालय ने दिसंबर 2015 में कोयला आधारित बिजली संयंत्रों के लिए कड़े उत्सर्जन मानक स्थापित किए, जिनका दो साल के भीतर अनुपालन करना आवश्यक था। बाद में इसने दिल्ली-एनसीआर को छोड़कर सभी बिजली संयंत्रों को पांच साल का विस्तार दिया, जो क्षेत्र के उच्च प्रदूषण स्तर के कारण अनुपालन के लिए 2019 तक दिया गया था।

# मेट्रो कार्ड के इस्तेमाल से भी नहीं बच रहा यात्रियों का वक्त

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली :**
अपने समय और धन की बचत करने के लिए मेट्रो कार्ड का इस्तेमाल करें.., दिल्ली के मेट्रो स्टेशनों पर जगह-जगह ऐसी लाइनें सभी ने पढ़ी होंगी लेकिन आजकल इसके विपरीत हो रहा है। मेट्रो की ब्लू और रेड लाइन में ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम (एफसी) यानि स्वचालित किराया संग्रह मशीन में लगातार गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। लोग टोकन के बजाए कार्ड का इस्तेमाल करते हैं ताकि कतार में नहीं लगना पड़े, लेकिन कभी इस सिस्टम पर कार्ड व टोकन दोनों ही काम नहीं करते और दरवाजे नहीं खुलते। कई सिस्टम खराब होने से यात्रियों की मुश्किलें और अन्य मशीनों पर दबाव बढ़ता है। इस स्थिति में मेट्रो



यात्रियों के समय की बबार्दी होती है और दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दरअसल, मेट्रो कार्ड का प्रयोग इसी उद्देश्य के तहत किया जाता है कि यात्रा में समय की बचत हो, लेकिन एएफसी में दिक्कत आने से यात्रियों को हो अपने गंतव्य तक पहुंचने में विलंब हो रहा है। मेट्रो के व्यस्तम अवधि में ऐसी यह दिक्कत आने पर लोगों को मजबूरन लाइन में इंतजार करना पड़ता है, क्योंकि कार्ड को काउंटर पर रि-चेक करवाने पर ही कार्ड को दोबारा उपयोग में लाया जा सकता है। ऐसे में कार्ड का प्रयोग करने के बावजूद यात्री अपने समय की बचत नही कर पा रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि नए मेट्रो लाइन रूटों में यह दिक्कत नहीं है ,क्योंकि वहां की मशीनें नई हैं। इसलिए मशीनों के नवीनीकरण को लेकर विचार किया जाना चाहिए। एएफसी सिस्टम दिल्ली में मेट्रो रेल की वह प्रणाली है, जिसमें यात्रियों को ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन गेट पर कार्ड स्वैप करते ही किराया कट जाता है। गंतव्य स्टेशन पर पहुंचने के बाद निकासी के लिए भी एएफसी गेट पर कार्ड से किराए का भुगतान हो जाता है। दिल्ली मेट्रो के रेड लाइन मेट्रो स्टेशनों के अंतर्गत इंद्रलोक, कन्हैया नगर, केशवपुरम, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, रोहिणी पूर्व, रोहिणी पश्चिम व रिठाला मेट्रो स्टेशन पर ऐसी परेशानियां आ रही हैं।



## संपादकीय

# खेल में जय पराजय तो हैं जीवन के अल्पविराम

**क्रिकेट** भारत में एक बहुत पसंद किया जाने वाला खेल है और जब भी भारतीय टीम जीतती है, तो यह देशवासियों में जश्न और उत्साह का माहौल बना देता है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो लोगों को मिलजुल करने और एक-दूसरे के साथ आनंद लेने का एक मौका प्रदान करती है। हालांकि, यह महत्वपूर्ण है कि खेल की सकारात्मकता को समझा जाए और हार की स्थिति में भी टीम का समर्थन किया जाए। खेल का मुख्य उद्देश्य होता है मैच का सही तरीके से खेलना, और विजय और हार के मोमेंट्स में सीखना और आगे बढ़ना हमेशा महत्वपूर्ण होता है। क्रिकेट एक खेल है जिसमें हर टीम की स्थिति और प्रदर्शन पर निर्भर करता है। हर हार या जीत एक अलग खेल के परिणाम होते हैं ।
क्रिकेट में हार के बाद, टीम और उसके खिलाड़ी सीखें और सुधरने के लिए एक अवसर मिलता है। कई बार, एक हार का कारण तय करना सामान्य रूप से आसान नहीं होता है, क्योंकि कई कारक इस पर प्रभाव डाल सकते हैं जैसे कि विरोधी टीम का अच्छा प्रदर्शन, वायुमंडल की स्थिति, खेल के दौरान होने वाले चुनौतीयाँ, आदि। खेल में विजय या पराजय तो जीवन के अल्पविराम हैं कयदि जीत के क्षणों में अभिमान कर लिया तो यह जीत भी कोई मायने नहीं रखती और यदि पराजय के पश्चात अपनी गलतियों में सुधार कर लिया तो विजय के नवीन मार्ग खुल सकते हैं कयह जीवन चलने का नाम है और यहाँ कुछ भी यहाँ पूर्ण विराम नहीं हैं कजो लोग अतीत की हार में खोए रहते हैं वे यादों का आनंद लेते हैं । इससे पता चलता है कि कुछ लोगों को पिछले अनुभवों को याद करने में सांत्वना, खुशी या संतुष्टि मिलती है। यादें भावनात्मक मूल्य रख सकती हैं और पहचान की भावना में योगदान कर सकती हैं। पुरानी यादें एक शक्तिशाली भावना हो सकती हैं, और यादें आराम या खुशी की भावना प्रदान कर सकती हैं। जबकि जो लोग वर्तमान में खो जाते हैं, वास्तव में जीवन का आनंद वही ले सकते हैं । इस का तात्पर्य है कि सच्चे आनंद और संतुष्टि का अनुभव करने के लिए वर्तमान क्षण में पूरी तरह से डूब जाना आवश्यक है। हालाँकि यादों को संजोना सार्थक हो सकता है, लेकिन अतीत पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित करते रहने से किसी भी कार्य में सक्रिय रूप से संलग्न होने और वर्तमान में जीने की क्षमता को बाधित कर सकती है।
यदि हम भूतकाल की स्मृतियों में खोए रहते हैं तो भविष्य की ओर यात्रा में विघ्न उत्पन्न हो सकता है । बीते हुए समय में की गई त्रुटियों से कुछ सीख कर आने वाले काल को स्वर्णिम अवश्य किया जा सकता है ।
दूसरी ओर, अतीत के सबक या अनुभवों पर विचार किए बिना वर्तमान में बहुत अधिक तल्लीन रहने से सफलता के मार्ग में बाधा उत्पन्न हो सकती है। अतीत के अपने रिश्तों नातों को याद कर, आज के सामजिक परिवेश में तुलना करके दुखी और अपने से लगने वाले रिश्तों से आघात मिल कर दुखी होने से अच्छा है उनसे स्वतः दूरी बना ली जाए क्यूंकि भौतिकता वाद के इस दौर में किसी से उम्मीद रखना स्वयं को छलावा देने सामान है । जहां छोटे एवं एकल परिवारों में पारिवारिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है वही आने वाली पीढी के लिए उन रिश्तों को आजीविका की दौड़ में चिरकाल तक निभा पाना असंभव सा होता जा रहा है । ऐसे में यदि किसी से अपेक्षा की जाए और वह उम्मीद में खरा ना उतर पाए तो मन दुखी तो होता ही है साथ ही भावी जीवन में भी निराशा उत्पन्न होती है ।

# वायु प्रदूषण का लगातार बढ़ता खतरा

आशीष वशिष्ठ

> आंकड़ों की मानें तो लगभग वर्ष 2000 के बाद से ट्रकों, कारों और उद्योगों से आने वाली गंदी हवा के कारण मरने वालों की संख्या में 55 फीसदी की बढ़ौतरी हुई है। दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाले देश चीन और भारत में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों के मामले सबसे ज्यादा हैं। यहां हर वर्ष लगभग 22 से 24 लाख मौतें वायु प्रदूषण से होती हैं, जबकि वैश्विक स्तर पर वायु प्रदूषण से लगभग 66.7 लाख लोगों की मौतें हर साल होती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो वायु प्रदूषण से कई गंभीर बीमारियों का खतरा अधिक बढ़ जाता है। इनमें दिल की बीमारियां, फेफड़ों का कैंसर, क्रॉनिक ऑब्सट्रेक्टिव पल्मोनरी डिजीज यानी सी.ओ.पी.डी. और तीव्र श्वसन संक्रमण प्रमुख हैं।

वायु प्रदूषण सेहत के लिए एक बड़ा खतरा बनते जा रहा है। इससे बड़े-बूढ़े ही नहीं बच्चे भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। उनकी ग्रोथ पर असर पड़ रहा है और तो और इसके चलते वो बचपन में ही कई और दूसरी बीमारियों का भी शिकार हो रहे हैं। वायु प्रदूषण के प्रति बच्चों की संवेदनशीलता कई कारणों से पैदा हो सकती है। उनके वायुमार्ग छोटे और कम विकसित होते हैं, जिससे वे हानिकारक प्रदूषकों के प्रति ज्यादा संवेदनशील हो जाते हैं। इसके अलावा, बच्चे बड़ों की तुलना में ज्यादा तेजी से सांस लेते हैं, जिससे उनके द्वारा ली जाने वाली हवा की मात्रा और उनके संपर्क में आने वाले प्रदूषकों की मात्रा बढ़ जाती है। उनका डेवलप हो रहा इम्यून सिस्टम भी कम मजबूत होता है, जिससे उनमें ब्रीदिंग इन्फेक्शन और वायु प्रदूषण से जुड़ी अन्य स्वास्थ्य समस्याएं होने का खतरा ज्यादा होता है। हर वर्ष दुनिया भर में वायु प्रदूषण की वजह से लाखों लोगों की मौत असमय हो रही है। एक स्टडी के मुताबिक दुनियाभर के 16 फीसदी लोगों की मौत प्रदूषण के चलते समय से पहले ही हो जाती है। इस स्टडी में ये भी बताया गया है कि दुनियाभर में हर साल करीब 90 लाख लोगों की मौत का कारण पॉल्यूशन होता है। इसमें सबसे ज्यादा खतरनाक वायु प्रदूषण को ही बताया गया है। वायु प्रदूषण का खतरा हमारे चारों ओर मंडरा रहा है। यह हम सभी को भारी मात्रा में प्रभावित कर रहा है, चाहे हमें इसका एहसास हो या न हो। अपनी इच्छा अनुसार लंबे समय से हम जिस हवा में सांस लेते आ रहे हैं, अक्सर उसे हल्के में लेते आए हैं। लेकिन वर्तमान के शोध ने कुछ चिंताजनक पहलुओं पर प्रकाश डालना शुरू कर दिया है कि हमारे आस-पास की हवा में वास्तव में क्या है और यह हमारे शरीर को कैसे प्रभावित करती है। वैसे तो हवा के बिना कोई जीवित नहीं रह सकता लेकिन प्रदूषित हवा में सांस लेने से हमें बीमारी और शीघ्र मृत्यु का सामना करना पड़ता है। वायु प्रदूषण क्या कैंसर का खतरा बढ़ा देती है, इस बारे में समझने के लिए किए गए एक अध्ययन में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अलर्ट किया है। अध्ययनकताओं ने बताया, वायु प्रदूषण पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए कैंसर कारक हो सकती है, इसका उच्च स्तर स्तन कैंसर से लेकर फेफड़े-गले के कैंसर के जोखिमों को



बढ़ाने वाली मानी जाती है। शोध के मुताबिक फेफड़ों के कैंसर के लगभग 10 में से एक मामले के लिए बाहरी वायु प्रदूषण एक कारण हो सकता है। वायु प्रदूषण के कण कोशिकाओं में डीएनए को नुकसान पहुंचाते हैं, इससे इंफ्लामेशन और कैंसर का जोखिम हो सकता है। ब्रेस्ट कैंसर महिलाओं में कैंसर से हर साल होने वाली मौतों का प्रमुख कारण रहा है। एक अध्ययन में शोधकताओं ने पाया कि स्तन कैंसर की घटनाओं में सबसे अधिक वृद्धि उन महिलाओं में रिपोर्ट की गई, जिनका पार्टिकुलेट मैटर स्तर यानी पीएम 2.5 से संपर्क अधिक था। मोटर वाहन से निकलने वाले धुंआ, तेल-कोयला जलाने या लकड़ी के धुआं आदि में पीएम 2.5 अधिक होता है। साल 2018 में भारत में महिलाओं में रिपोर्ट किए गए सभी प्रकार के कैंसर में से 27.7 फीसदी केस स्तन कैंसर थे। भारत में अनुमानित 1,62,468 महिलाओं में स्तन कैंसर का पता चला था। वायु प्रदूषण इसका एक जोखिम कारक हो सकता है। आंकड़ों की मानें तो लगभग वर्ष 2000 के बाद से ट्रकों, कारों और उद्योगों से आने वाली गंदी हवा के कारण मरने वालों की संख्या में 55 फीसदी की बढ़ौतरी हुई है। दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाले देश चीन और भारत में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों के मामले सबसे ज्यादा हैं। यहां हर वर्ष लगभग 22 से 24 लाख मौतें वायु प्रदूषण से होती हैं, जबकि वैश्विक स्तर पर वायु प्रदूषण से लगभग 66.7 लाख लोगों की मौतें हर साल होती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो वायु प्रदूषण से कई गंभीर बीमारियों का खतरा अधिक बढ़ जाता है। इनमें दिल की बीमारियां, फेफड़ों का कैंसर, क्रॉनिक ऑब्सट्रेक्टिव पल्मोनरी डिजीज यानी सी.ओ.पी.डी. और तीव्र श्वसन संक्रमण प्रमुख हैं।
बच्चे, 'एक्यूट रैस्पिरेटरी इन्फैक्शन' यानी तीव्र श्वसन संक्रमण के अधिक शिकार होते हैं। प्रायः सर्दी के मौसम में वायु प्रदूषण का खतरा अधिक बढ़ जाता है। खबरों की मानें तो वर्तमान समय में देश की राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब हो गई है। इससे आम जनजीवन पर बुरा असर पड़ रहा है। लोगों को सांस संबंधी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है।
जीवनशैली और आहार में गड़बड़ी को डायबिटीज रोग के प्रमुख कारक के तौर पर देखा जाता रहा है, इस बीच हालिया अध्ययन में शोधकताओं ने कहा कि वैश्विक स्तर पर बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण भी टाइप-2 डायबिटीज का जोखिम बढ़ रहा है। भारत में अपनी तरह के पहले अध्ययन में पाया गया है कि प्रदूषित हवा में सांस लेने से टाइप 2 मधुमेह का खतरा बढ़ सकता है। जिस तरह से हर साल हम प्रदूषण के नए स्तर का सामना कर रहे हैं, ये डायबिटीज को लेकर भी चिंता बढ़ाने वाली स्थिति है। यह अध्ययन भारत में क्रोनिक बीमारियों पर चल रहे शोध का हिस्सा है जो 2010 में शुरू हुआ था। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदूषित वातावरण में रहने से दिल और फेफड़ों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचता है। वायु प्रदूषण एक श्वसन संबंधी रोग है, जिसमें रोगी को सांस लेने में तकलीफ होती है, सीने में दबाव महसूस होता है और खांसी भी होती है। ऐसा तब होता है, जब व्यक्ति की श्वसन नलियों में अवरोध पैदा होने लगता है। ये रुकावट एलर्जी और कफ से आती है। कई रोगियों में ऐसा भी देखा गया है कि श्वसन मार्ग में सूजन भी हो जाता है। कारखानों, बिजली घरों की चिमनियों और स्वचालित मोटरगाडियों में विभिन्न ईंधनों के पूर्ण और अपूर्ण दहन भी प्रदूषण को बढ़ावा देते हैं।
वायु प्रदूषण से न केवल प्राणी मात्र को, बल्कि प्रकृति को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है। प्रदूषित वायुमंडल से जब भी वर्षा होती है, तब प्रदूषक तत्व वर्षा जल के साथ मिल कर नदियों, तालाबों, जलाशयों और मिट्टी को प्रदूषित कर देते हैं। एक मोटे अनुमान के तहत यूरोपीय महाद्वीप में अम्लीय वर्षा के कारण लगभग 60 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में वन नष्ट हो चुके हैं। ओजोन परत, जो पृथ्वी के लिए एक रक्षाकवच का काम करती है, ऐसे में वायुमंडल की दूषित गैसों के कारण उसे काफी नुकसान पहुंच रहा है, इससे कैंसर जैसे भयानक रोगों में वृद्धि हो रही है और पेड़ों से कार्बनिक यौगिकों के उत्सर्जन में बढ़ौतरी हो रही है तथा ओजोन एवं अन्य तत्वों के बनने की प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है।
विषेषज्ञों के अनुसार आने वाले समय में वायु प्रदूषण से होने वाले कुल खतरों में बढ़ौतरी होने की आशंका है। जबकि उद्योग-धंधों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित कर वायु प्रदूषण को कम किया जा सकता है। वनों की अंधाधुंध अनियंत्रित कटाई को भी रोकने के साथ वृक्षारोपण को बढ़ावा देना चाहिए। वहीं बिना धुएं के चूल्हे व सौर ऊर्जा की तकनीक को प्रोत्साहित कर इसे और ज्यादा उन्नत एवं सुलभ बनाना होगा। वायु प्रदूषण को रोकने से संबंधित सभी आवश्यक तथ्यों को बच्चों के पाठ्यक्रम में शामिल करके बच्चों में इसके प्रति चेतना एवं जागरूकता फैलाई जानी चाहिए। सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण बात यह है कि वायु प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए सिर्फ सरकार के भरोसे बैइने की बजाय प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सहयोग करना होगा।
**-स्वतंत्र पत्रकार**

## कविता

आंखों ही आंखों में मुस्कुरा देना तुम।

हर एहसास दिल में न दबा देना तुम,
होठों से जरा तिरछा मुस्कुरा देना तुम'

ये तो दिल की लगी है, न घबराना,
आंखों ही आंखों में मुस्कुरा देना तुम।

नया नया रूप है तुम्हारे जीवन का,
न सम्भले तो बहक न जाना तुम।

आ जाओ जरा सूरज की रोशनी में,
भले रातों में चांदनी सा बन जाना तुम,

रातों के टिमटिमाते जुगनू हैं हम,
हमें राह दिखाता सितारा बन जाना तुम।

हमे देख छुपने की अदा बड़ी प्यारी,
सामने आओ तो,पलकें झुका देना तुम।

जज्बातो के एहसास पुराने हमारे,
दुनिया के लब्जों से टूट न जाना तुम।

कोशिशों से कई,दीदार होता है तेरा संजीव,
बीच राहों में अकेला,न छोड़ जाना तुम।

संजीव ठाकुर

# कुटुंब प्रबोधन का प्रेरक श्रीराम

**रामचरितमानस** एक ओर राम का जीवन चरित्र व मनुष्य जाति के अनुभवों का उत्कट निचोड़ है तो दूसरी ओर यह 'नाना पुराण निगमागम सम्मतं यद्' होकर सनातन धर्म के सभी मानक ग्रंथों के अर्क स्वरुप भी है, जिसे मानस के अंत में 'छहों शास्त्र सब ग्रन्थन को रस' कह कर दोबारा पुष्ट कर दिया गया है। मनुष्य से पुरुषोत्तम बनकर यानि मृत्यु से अमरत्व की ओर बढ़ने की यात्रा के पथ प्रदर्शक श्रीराम हैं। अपने भीतर छिपी संभावना और सुख-शांति की अभीप्सा को पूरा कर सकने की आकांक्षा के बीच, रामचरितमानस में राम इस मार्ग का संकेत हैं कि मनुष्य के स्वरूप को चरितार्थ करने और उससे ऊपर उठने और अपने भीतर निहित संभावनाओं को साकार करने का कोई लघुमार्ग (शॉर्टकट) नहीं हैं। पारिवारिक, सामाजिक और लौकिक जीवन के कर्तव्य परायणता में राम ने अपने आचरण और व्यवहार से जो मानक स्थापित किए, उन मानकों में यह संभावना हमेशा निहित रही कि व्यक्ति का व्यवहार, परिस्थिति के अनुसार भले बदलता रहे, लेकिन उसका अंतरंग स्थिर रहे। मानव उन्हीं मूल्यों का प्रतिनिधित्व करे जो शाश्वत हो, जो मनुष्य और समाज के लिए हमेशा उपयोगी और ऊंचा उठाने वाले हों। उदाहरण के लिए परिवार को ही लें, राम में परिवार के अनुशासन, सबके प्रति विश्वास, एक-दूसरे के सुखों और इच्छाओं का निर्वाह और उनके लिए त्याग की भावना का महत्व रहा है। इन मूल्यों का निर्वाह रामचरित के हर प्रसंग में होता दिखाई देता है। क्षण भर में राजमुकुट धारण कर राजा राम बनने वाले बनवासी राम बनने हेतु बल्कल वस्त्र पहन लेते हैं और पिता के वचनों एवं माता कैकेयी के प्राप्त वरदान हेतु वन जाने हेतु निकल जाते हैं। व्यक्तिगत जीवन में राम ने एक ओर मयार्दाओं की प्रतिष्ठा की तो दूसरी ओर उन्होंने जहां जरूरी समझा, वहां मान्यताओं में दखल भी दिया। शूर्पणखा का अंग-भंग, अहिल्या को पुनर्जीवन और प्रतिष्ठा, एक पत्नीव्रत, बाली उद्धार, शबरी उद्धार, विभीषण को लंका का राज दे देना आदि कई प्रसंग हैं, जिनमें वह परंपरा से हटकर काम करते हैं। यह सब करते हुए वह धर्म-मयार्दा की स्थापना ही कर रहे होते हैं क्योंकि मयार्दा की स्थापना ही धर्म की शाश्वतता को बनाये रखती है। यदि यज्ञाग्नि भी मयार्दा का उल्लंघन करे तो उसे जल के द्वारा नियंत्रित करने का विधान धर्म का ही है। यदि इन कामों को पारिवारिक और सांस्थानिक रचनाओं के भरोसे छोड़ा जाता तो संभवतः पंचायतें, न्यायालय, दंडाधिकारी और समितियों को उन नतीजों पर पहुंचने में वर्षों लग जाते और न्याय की प्रक्रिया संपन्न होते- होते वह अर्थहीन व अनुपयोगी हो जाते।
**टूटते संयुक्त परिवारों का सहारा है राम परिवारः** इन दिनों परिवार का ढांचा बदल रहा है, संयुक्त परिवार टूट रहे हैं। कई जगह तो नौकरी के कारण पति-पत्नी और बच्चों के लिए भी अलग तरह से सोचना और व्यवस्था बनानी पड़ रही है। ऐसे में जब कि ज्ञान परम्परा का एक पीढ़ी से दूसरी में प्रवाह बाधित हो गया है तो राम का चरित्र, मूल्य, व्यवहार और आदर्शों की यशोगाथा को समेटे श्री रामचरितमानस/रामायण जीवन का संविधान बन सकता है।

## विचार

# पहाड़ों पर विकास यानी प्रकृति विनाश को

**तनवीर जाफरी**

इस वर्ष ऐन दीपावली ( 12 नवंबर ) के दिन जब पूरा देश इस पावन पर्व के जश्न में डूबा था,ठीक उसी दिन उत्तराखंड राज्य के उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर निमार्णाधीन सिल्क्यारा नामक एक सुरंग का एक हिस्सा ढह गया। इस हादसे में इस सुरंग निर्माण में लगे 41 श्रमिक बीच सुरंग में ही फंसे रहे। इस सुरंग का निर्माण उत्तराखंड के उत्तरकाशी में 'चार धाम परियोजना' के तहत किया जा रहा है। श्रमिकों को सकुशल व सुरक्षित बाहर निकालने के लिये उच्चस्तरीय बचाव व राहत अभियान युद्धस्तर पर चलाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तक ने बचाव कार्य पर अपनी नजर बनाये रखी।
बचाव अभियान में एसडीआरएफ, बीआरओ, परियोजना से जुड़ी एजेंसी एनएचआईडीसीएल, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), उत्तराखंड राज्य आपदा प्रतिवादन बल, सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) और परियोजना का निर्माण करने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम (एनएचआइडीसीएल) और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) समेत विभिन्न एजेंसियां शामिल हुईं। एक पखवाड़े से भी अधिक चले इस राहत व बचाव अभियान में कई बार अलग अलग तरह की रुकावटें भी आईं। ड्रिलिंग के समय कई बार धातु रूपी अवरोध आये। यहां तक कि सुरंग बनाने वाली ऑगर मशीन तक खराब हो गयी जिसके चलते सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालने में दो सप्ताह से भी अधिक का समय लग गया। अंत में हैदराबाद से आई आधुनिक प्लाज्मा मशीन को सुरंग में ड्रिलिंग के काम पर लगाया गया। बचाव अभियान चलने के अंतिम दिनों में एक पाइप के माध्यम से सुरंग में फंसे श्रमिकों तक ऑक्सीजन, दवाएं और खाने-पीने की चीजें पहुंचाई गयीं। सिल्क्यारा सुरंग हादसे के बाद एक बार फिर पर्वतीय क्षेत्रों में होने वाले विकास कार्यों तथा इनसे उपजने वाले संकटों पर बहस शुरू हो गयी है। पहाड़ों में सुरंग बनाना ही जरूरी है या इसके बिना भी विकास किया जा सकता है,भू वैज्ञानिक पर्यावरण के जानकार यह सवाल फिर पूछने लगे हैं। इस हादसे के बाद हिमाचल प्रदेश जैसे कुछ सुरंग प्रधान राज्यों की सरकारों की भी नींदें खुली हैं।
हिमाचल सरकार अब राज्य में निमार्णाधीन सुरंगों का सुरक्षा ऑडिट कराने की तैय्यारी में है। इसके तहत सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण समझा जाने वाले चंडीगढ़-मनाली राजमार्ग के अंतर्गत निमार्णाधीन सुरंगें भी सुरक्षा ऑडिट में शामिल रहेंगी। प्राप्त समाचारों के अनुसार देशभर की लगभग 29 सुरंगों को सुरक्षा ऑडिट के लिये चिन्हित किया गया है। इनमें 12 सुरंगें केवल हिमाचल प्रदेश राज्य में ही हैं। लगभग 79 किमी लंबी इन सभी 12 सुरंगों की तकनीकी जांच भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और डीएमआरसी अर्थात दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के विशेषज्ञों द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी। हिमाचल सरकार यह कवायद उत्तरकाशी की सिल्क्यारा सुरंग धंसने के बाद ही करने जा रही है। सुरंग निर्माण प्रक्रिया को चूँकि मैं ने बहुत करीब से देखा है, बल्कि व्यवसायिक रूप से इस प्रक्रिया का हिस्सा भी रहा हूँ इसलिये विकास के नाम पर प्रकृति और पर्यावरण को पहुँचने वाले आघात से भी भली भाँति परिचित हूँ। आइये ऐसा ही एक अनुभव आज यहाँ सांझा करता हूँ। 1980-95 के दौरान हिमाचल प्रदेश में नाथपा झाखड़ी हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट निमार्णाधीन था। इसके लिये प्राकृतिक रूप से अपने मार्ग पर बहने वाली सतलुज नदी की दिशा अस्थाई रूप से बदलनी थी जिसके लिये विभिन्न सुरंगें बनाई जा रही थीं। यह सुरंगें महानगरीय मेट्रो की तरह अगार मशीन से बनने वाली सुरंगें नहीं होतीं। यहां मिटटी के नहीं बल्कि कठोर से कठोर किस्म के पत्थरों के पहाड़ों में सुरंग बनाई जाती है। इसके लिये पत्थर के इन पहाड़ों के गर्भ में 15-20 फुट के इस्पात के कई रॉड हाइड्रोलिक ड्रिल के द्वारा एक साथ अधाकार्र क्षेत्र में पहाड़ की छाती में डाल दिये जाते हैं। फिर इन्हें बाहर निकाल कर इनके द्वारा खाली की गयी जगहों में विस्फोटक भर दिया जाता है। उसके बाद सभी रॉड के विफोटक भरे सुराखों को तारों के द्वारा एक दूसरे से जोड़ दिया जाता है। उसके बाद निमार्णाधीन सुरंग में मौजूद सभी कर्मचारियों को सुरंग से बाहर आने का निर्देश दिया जाता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# नेपाल में फिर क्यों उठ रही हिंदू राष्ट्र और राजशाही

**भारत** के पड़ोसी देश नेपाल में पिछले कुछ समय से धार्मिक तनाव बढ़ा है। यहां भारत की सीमा से लगे एरिया में कई हिंदू संगठन सक्रिय हैं और देश को फिर से हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग को लेकर अभियान चलाते रहते हैं। इन संगठनों में विश्व हिंदू परिषद और हिंदू स्वयं सेवक संघ बड़े नाम हैं। तराई क्षेत्र खासकर जनकपुर वाले हिस्से में इन संगठनों की सक्रियता ज्यादा नजर आ रही है और इनकी ओ? से की गईं ऐसी कई चीजें आपको दिखेंगी जो बताती हैं कि नेपाल को फिर से हिंदू राष्ट्र घोषित कराने के लिए यह लोग कितने सक्रिय हैं। पर बड़ा सवाल ये है कि आखिर धर्म निरपेक्ष से अचानक नेपाल 'हिंदू राष्ट्रवाद' की तरफ क्यों बढ़ने लगा ? इसको समझने के लिए पहले नेपाल के पुराने इतिहास को समझना जरुरी है। ईसा से करीब 1000 साल पहले नेपाल छोटी-छोटी रियासतों और कुलों के परिसंघों में बंटा था। गोरखा राजा पृथ्वी नारायण शाह ने 1765 में नेपाल की एकता की मुहिम शुरू की और 1768 तक इसमें सफल हो गए। यहीं से आधुनिक नेपाल का जन्म हुआ।
राजवंश के पांचवे राजा राजेंद्र बिक्रम शाह के शासन काल में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने नेपाल की सीमा के कुछ इलाकों पर कब्जा किया। 1815 में लड़ाई छिड़ी, इसका अंत सुगौली संधि से हुआ। 1846 में राजा सुरेंद्र बिक्रम शाह के शासन काल में, जंग बहादुर राणा एक शक्तिशाली सैन्य कमांडर के रूप में उभरे। कुछ दिन बाद राजपरिवार ने उनके आगे घुटने टेक दिए और उन्हें प्रधानमंत्री बना दिया गया। इसके साथ ही इस पद को वंशानुगत मान लिया गया। 1923 में ब्रिटेन ने नेपाल के साथ एक संधि की और इसकी स्वतंत्रता को स्वीकार किया। 1940 के दशक में नेपाल में लोगों ने देश में लोकतंत्र की बहाली की मांग को लेकर आंदोलन शुरू किया। तब भारत की मदद से राजा त्रिभुवन बीर बिक्रम शाह नए शासक बने। नेपाल के राजा ज्ञानेंद्र के समय में नेपाल में राजशाही के खिलाफ व्यापक आंदोलन शुरू हुआ। सन 1959 में राजा महेंद्र बीर बिक्रम शाह ने लोकतांत्रिक प्रयोग को समाप्त कर पंचायत व्यवस्था लागू की। 1972 में राजा बीरेंद्र बिक्रम शाह ने राजकाज संभाला। 1989 में लोकतंत्र के समर्थन में जन आंदोलन शुरू हुआ और राजा बीरेंद्र बीर बिक्रम शाह को सांवैधानिक सुधार स्वीकार करने पड़े।

# अब गांव-गांव में जगेगी विज्ञान और शोध की अलख

**विजय गर्ग**

**स्कूली** बच्चों में शोध और नवाचार के प्रति रुझान बढ़ाने सहित इसके फायदे को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए शिक्षा मंत्रालय ने एक राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरूआत की है। इसके तहत देशभर के प्रत्येक ब्लाक में एक राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। जो नवंबर के अंतिम हफ्ते से जनवरी 2024 के पहले हफ्ते के बीच कभी भी आयोजित किया जा सकेगा। इस आविष्कार सप्ताह का विषय खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान करना है, जो आम जनजीवन से जुड़ा है, जिसे स्कूली छात्र शिक्षक की मदद से आसानी से कर सकेंगे। शिक्षा मंत्रालय ने इसे लेकर एक गाइडलाइन भी जारी की। जिसमें प्रत्येक ब्लाक से करीब चार से पांच स्कूलों को इसके लिए चयनित किया जाएगा। इसमें पीएम- श्री स्कूल अनिवार्य रूप से शामिल होंगे। इन स्कूलों में आविष्कार सप्ताह के दौरान विज्ञान, शोध और नवाचार में रुचि रखने के लिए पूरे ब्लाक के स्कूलों के बच्चे हिस्सा लेंगे। जहां वह पहले से तय विषय को वैज्ञानिक कसौटी पर परखेंगे। मंत्रालय ने राज्यों को इस संबंध में लिखे पत्र में कहा है कि वह तय अवधि के दौरान अपनी सुविधा के मुताबिक किसी भी सप्ताह इसका आयोजन कर सकेंगे। इस बीच, आविष्कार सप्ताह के आयोजन के लिए चयनित होने वाले प्रत्येक स्कूलों को तीन से चार हजार रुपये की वित्तीय सहायता भी दी जाएगी। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों से ज्यादा से ज्यादा बच्चों को शामिल किया जाएगा। मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, इस आयोजन का लाभ जहां एक और स्कूली बच्चों को मिलेगा। उनका विज्ञान और शोध के प्रति रुझान बढ़ेगा। वहीं इन शोधों और परीक्षण का विषय आम लोगों होने के चलते इसका लाभ गांव से जुड़ा गांव तक पहुंचेगा। वैसे भी शहरी क्षेत्रों में खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगने के बाद से इन कारोबार में लगे लोग ग्रामीण क्षेत्रों की ओर से शिफ्ट हो गए हैं। जो लोगों में मिलावटी के खिलाफ जागरूकता में कमी का लाभ उठाकर लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे है। ऐसे में जब स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को इसके लिए जागरूक कर दिया जाएगा, तो वह लोगों को इसके प्रति सतर्क कर सकेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### एकल प्रदर्शनी का आयोजन 28 से



**गुरुग्राम। चित्रकार** स्वेता जैन की पाथवेज स्कूल में एकल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। ये प्रदर्शनी २८ नवम्बर से लेकर १५ दिसंबर तक चलेगी। इस प्रदर्शनी में भिन्न भिन्न माध्यमों से स्वेता आम जनजीवन से जुडे दैनिक विषयों को अभिव्यक्त कर रही हैं। इन्होंने अपनी खोज को दो आयामी और तीन आयामी द्वैतवादी विरोधाभासों की मदद से प्रस्तुत किया है। वह जीवन-मृत्यु, घुमावदार रेखाओं के रहस्यमय चरित्र और सीधी रेखाओं के बारे में अपने दार्शनिक विचार को सशक्त व्यक्तित्व के रूप में प्रस्तुत कर रही हैं इन पेड़ों की चित्रात्मक संवेदनाओं के माध्यम से। स्वेता ने अपने रचनात्मक जीवन के 7 साल शांतिनिकेतन आश्रम में बिताए। जब वह शहरीकृत सड़कों के रेगिस्तानी किनारे से दिल्ली की ओर यात्रा करती है, तो सड़क के किनारे के पेड़ परियों की कहानियों से प्राप्त विशिष्ट पात्र बन जाते हैं। कभी-कभी वे चुड़ैलों, परियों या यहां तक कि सोती हुई राजकुमारियों की तरह दिखते हैं या, ये पेड़ हिमालय के साधु-संतों की तरह भी दिखते हैं जो जीवन और मृत्यु या शरीर और आत्मा के बारे में जानना चाहते हैं । श्वेता शैक्षणिक और तकनीकी रूप से बहुत कुशल है, इसीलिए वह भाव, रोशनी और रेखा का उपयोग करके रूपांतरित रूप बना सकती है। वह अपारदर्शी शीट, पारदर्शी शीट और महीन रेखाओं का भी उपयोग करती है। चित्रों में बड़ी दक्षता से ब्रश स्ट्रोक्स का समागम किया गया है। इस प्रदर्शनी में स्वेता ने आम जनजीवन से जुड़े तत्वों को आधार बना कर आध्यात्मीकता के साथ एकात्मकता को बड़ी बारीकी से दशार्या है । स्वेता भिन्न भिन्न माध्यमों का प्रयोग करते हुए अपने भावों को बहुत ही सरल तरीके से अभिव्यक्त करती हैं । इस प्रदर्शनी में पेंटिंग्स व इंस्टालेशन आर्ट का समागम है। चित्रों में बहुत ही दक्षता के साथ रंगों के स्ट्रोक्स बखूबी नजर आते हैं। इस प्रदर्शनी का शीर्षक है लिब्रिन्थ ऑफ मिस्टिकल लाइनस।

### इंडसइंड बैंक ने इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के साथ की साझेदारी

**गाजियाबाद । इंडसइंड बैंक** ने आज भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 2022 में लॉन्च की गई सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) डिजिटल रुपये की स्वीकृति की सुविधा के लिए इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) के साथ अपने सहयोग की घोषणा की। इस सहयोग से दिल्ली- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में चुनिंदा आईजीएल स्टेशनों पर ग्राहकों को डिजिटल रुपये के जरिये भुगतान करने में मदद मिलेगी, जिससे भारत की डिजिटल मुद्रा के उपयोग और स्वीकृति को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, यूपीआई इंटरऑपरेबिलिटी (अन्तरपरिचालन) के जरिये ग्राहक सभी आईजीएल स्टेशनों पर अपने डिजिटल रुपया ऐप का उपयोग कर किसी भी यूपीआई क्यूआर को स्कैन कर सकते हैं। आरबीआई की सीबीडीसी पहल में भाग लेने वाले शुरूआती बैंकों में से एक के रूप में, इंडसइंड बैंक सीबीडीसी द्वारा जोड़े जाने मूल्य में विश्वास करता है और इसका लक्ष्य है, डिजिटल मुद्रा के उपयोग के जरिये अपने ग्राहकों को सहज और व्यापक भुगतान अनुभव प्रदान करना। इंडसइंड बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी, श्री सुमंत कठपालिया ने कहा, ह्लसीबीडीसी को अपनाना वित्तीय परिदृश्य को नया आकार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा मानना है कि डिजिटल रुपया, अपनी ब्लॉकचेन तकनीक के साथ, तेज, सुविधाजनक और सुरक्षित लेन-देन की पेशकश कर वित्तीय सेवाओं को मजबूत करता है। यूपीआई इंटरऑपरेबिलिटी की शुरूआत के साथ, डिजिटल रुपया 'कैशलेस' अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाला एक और महत्वपूर्ण मंच बनने की ओर अग्रसर है। इस घटनाक्रम के बारे में, इंडसइंड बैंक के उप मुख्य कार्यकारी, श्री अरुण खुराना ने कहा, ह्लहमारे प्रमुख ग्राहकों में से एक, आईजीएल के साथ यह रणनीतिक साझेदारी डिजिटल रुपये को बढ़ावा देने के हमारे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह ग्राहकों और बैंकिंग इको-सिस्टम में प्रतिभागियों के लिए बैंकिंग अनुभव को सरल बनाने के हमारे निरंतर प्रयास में एक प्रगतिशील कदम है।

### शिक्षा के मंदिर से कंप्यूटर कक्ष के ताले तोड़कर सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत। मोहाना** थाना क्षेत्र के गांव पिनाना स्थित राजकीय उच्च विद्यालय के कंप्यूटर कक्ष के ताले तोड़कर चोर कंप्यूटर, मॉनिटर व फिंगर प्रिंट स्कैनर चोरी के ले गए। स्कूल इंचार्ज को मामले का पता लगा तो पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी को खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। सेक्टर-23 निवासी सविता ने बताया कि वह राजकीय उच्च विद्यालय मोहाना में स्कूल इंचार्ज के पद पर कार्यरत है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### शादी समारोह में एक युवक का दो-पहिया वाहन चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत। मोहाना थाना** क्षेत्र के गांव रहमाणा में शादी समारोह में गए युवक का दो-पहिया वाहन चोरी होने का मामला सामने आया है। वाहन चालक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव सिटावली निवासी दीपक ने बताया कि वह गत 23 नंवबर को देर शाम करीब छह बजे गांव रहमाणा में शादी समारोह में शिरकत करने के लिए गया था। समारोह के बाहर दो-पहिया वाहन खड़ा करके अंदर चला गया। कुछ देर बाद वापिस बाहर लौटा।

# हमें हरियाणवी बोलने पर गर्व करना चाहिए: चोपड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत।**

**किसी भी** शख्स के जीवन की शुरूआत मां बोली से ही होती है। नीरज चोपड़ा आज देश के सबसे बड़े स्टार हैं। लेकिन अपनी हरियाणवी बोली को बोलने में न केवल गर्व महसूस करते हैं, बल्कि अपना हर वह खुशनुमा लम्हा जीते हैं,जो उसे गांव के लोगों और मां से हरियाणवी भाषा में बोलने से मिलता है। नीरज चोपड़ा पहले हरियाणा राजस्थान के ओटीटी प्लेटफॉर्म स्टेज एप्प के ब्रांड ऐम्बैसडर बनाए गए हैं। स्टेज एप्प जुड़कर सबसे बड़ा कार्यक्रम अपने गांव से ही शुरू किया है और कहा है कि अपनी हरियाणवी बोली पर लाज नहीं नाज करना चाहिए। वही उन्होंने कहा है कि स्टेज एप्प बोलियों की एक ऐसी क्रांति लेकर आई है। जिस पर हम संस्कृति और गांव को अपनी बोलियां में देख पाएंगे। वहीं स्टेज एप्प के संस्थापक विनय सिंगला ने कहा कि नीरज चोपड़ा को ब्रांड एंबेसडर बनाने के पीछे नीरज चोपड़ा अपनी मां बोली को भरपूर सम्मान देते हैं। वैश्विक स्तर पर भी अपने इंटरव्यू को हरियाणवी में बोलकर गर्व महसूस करते हैं। ओलंपिक स्वर्ण विजेता नीरज चोपड़ा



अपनी हरियाणवी अंदाज को लेकर लगातार चर्चा में आ रहे हैं। हरियाणवी बोली को इस प्रकार से प्रमोट कर रहे हैं कि क्षेत्रीय बोलियों को मान सम्मान दिलवाने के लिए बोलियों की क्रांति का हिस्सा बनने का फैसला लिया है। नीरज चोपड़ा ने कहा है कि अपनी हरियाणवी बोलने का डर खत्म हरियाणवी बोलने पर गर्व करना चाहिए।हरियाणा की भूमि से ऐसे उदाहरण पेश किए गए हैं कि हम कहीं भी पहुंच सकते हैं.. नीरज चोपड़ा ने कहा है कि अपनी बोली से इतना ज्यादा लगाव होना चाहिए।जिस प्रकार से मां-बाप और अपने गांव से लगाव होता है।वहीं उन्होंने यह भी कहा है कि हरियाणवी को मातृ बोली के रूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए।विदेश में ट्रेनिंग में रहने के दौरान बातचीत के दौरान अपनापन महसूस नहीं होता। और इस दौरान अगर हरियाणवी भाषा में बातचीत करने का मौका मिल जाता है तो एक अपनापन महसूस होता है और मजा आ जाता है।नीरज चोपड़ा ने यह भी कहा है कि मुंबई जैसे महानगर में इंटरव्यू के दौरान हरियाणवी भाषा बोलने में उन्हें एक परसेंट भी संकोच नहीं था।बहुत ही प्राउड फील हुआ।लोगों को समझ आए या ना आए लेकिन लोगों प्रतिक्रिया बहुत अच्छी प्राप्त हुई है।

**हमें अपनी बोली पर लाज नहीं ने करना चाहिएः नीरज चोपडा**

क्षेत्रीय बोलियां को मान सम्मान दिलाने वाली स्टेज एप्प के ब्रांड एंबेसडर बने नीरज चोपड़ा ने स्टेज ऐप के मंच से बोलते हुए कहा हमें अपनी बोली पर 'लाज नहीं ने नाज होना चाहिए।' उन्होंने मंच से लोगों को मोटिवेशन करते हुए यह भी कहा है कि कोई भी काम कहीं पर भी करें,लेकिन खुलकर अपनी बोली में बोले। आत्मविश्वास से भरी हुई हरयाणवी बोली का अपना ही एक अलग रुतबा होता है। आत्मविश्वास से भरा हुआ कोई भी काम करने से लोगों को पसंद जरूर आता है। हम अपने गांव की मिट्टी से जुड़े रहे हैं और बाहर भी रहे हैं।लेकिन जहां भी रहे हैं धूम्मा उठाया है।अपने पैतृक के स्थान से हमेशा जुड़े रहने को लेकर उन्होंने अपील की है और कहा है कि दादा- चाचा- ताऊ सारे इकट्ठे बैठे हैं तो बहुत मजा आ रहा है।हरयाणवी कल्चर और संस्कृति ने सबसे बड़ा काम भाईचारा सिखाया है। उन्होंने यह भी कहा है बोलियां खोई हुई नहीं है, सोई हुईं हैं। उन्होंने अंग्रेजी का उदाहरण देते हुए कहा है कि अक्सर हम उसे एक स्किलस के तौर पर देखते हैं। जबकि इंग्लिश एक लैंग्वेज है, बोलना कोई बड़ा महत्व नहीं है। लेकिन आपका अपनी बोली या अपनी भाषा को कॉन्फिडेंस में बोलना बड़ा महत्व है। अभिभावकों से भी अपील करते हुए कहा है कि अपनी बोली को जिंदा रखो और बोलियां को दोबारा से घर-घर तक पहुंचाने के लिए एक क्रांति की जरूरत है।ये क्रांति स्टेज एप्प के माध्यम से लगातार घर-घर पहुंच रही है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में जहां पहले सब एक साथ बैठकर बातचीत करते थे और वह सब अब कहीं गुम हो गई है.. बोलियों को जिंदा करने के लिए स्टेज एप्प ने हरियाणवी और राजस्थानी में बोलियों की ऐसी क्रांति लाई है कि एक बार फिर लोग अपनी मां बोली को बोलने के लिए गर्व कर रहे हैं। हमारी पुरानी संस्कृति को बोली के माध्यम से वापिस लाने का काम स्टेज एप्प कर रहा। इसलिए स्टेज से जुड़ने का फैसला किया है। खुलकर आत्मविश्वास से जीओ अपने कल्चर को प्रमोट करो।

## गन्ने की पर्चियों और जारी की होगा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**सोनीपत दी सहकारिता** चीनी मिल का पेराई सत्र वर्ष-2023-24 आगे बढ़ता जा रहा है। पेराई सत्र को चलाने के लिए मिल प्रबंधन को जितना गन्ना चाहिए वह गन्ना मिल में समय पर नहीं पहुंच रहा है। जिसके चलते पेराई सत्र को चलाने में मिल प्रबंधन को इंतजार करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। प्रबंधन की तरफ से शनिवार को 30 हजार क्विंटल गन्ने की पर्चियां जारी की गई है। प्रबंधन अब तक कुल 90 हजार क्विंटल गन्ने की पर्चियां जारी की जा चुकी है, लेकिन यार्ड में महज 3580 क्विंटल गन्ना ही पहुंचा है। जिसके चलते पेराई सत्र को शुरू नहीं कर पा रहे है।

बता दें कि हर वर्ष सोनीपत चीनी मिल के पेराई सत्र वर्ष 2022-23 का विधिवत 23 नवंबर को सांसद रमेश कौशिक के हाथों से करवाया गया। हालांकि यार्ड में गन्ना न होने के चलते पेराई सत्र को आगामी आदेशों तक रोक दिया गया था। सत्र की शुरूआत के तीसरे दिन मिल यार्ड में महज 48 ट्रालियों में गन्ना उत्पादक 3580 क्विंटल गन्ना लेकर पहुंचे। यार्ड में गन्ने की कमी के चलते पेराई सत्र को सुचारू रूप से नहीं चलाया जा रहा है।

## ड्यूटी में लापरवाही पर कर्मचारी पर होगी कार्रवाई: निदेशक

**टीम एक्शन इंडिया, गोहाना (भंवर सिंह)**

**गांव खानपुर कलां** स्थित बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ जगदीश चन्द्र दुरेजा ने संस्थान का दौरा किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। विभिन्न विभागों का दौरा किया और व्यवस्था को जांचा। उन्होंने कहा कि ड्यूटी पर लापरवाही करने पर कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। निदेशक डॉ दुरेजा ने गैस मैनीफोल्ड क्षेत्र का निरिक्षण किया और गैस से सम्बधित उपकरणों और स्टाक के बारे में बात की व प्रर्याप्त स्टाक रखने के लिए निर्देश दिए। उन्होंनें



ओपीडी और वार्डों में चिकित्सकों से मरीजों की देखभाल और ईलाज और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

उन्होंने संस्थान में कार्यरत अधिकारीयों को दवाईयों, उपकरण व अन्य आवश्यक सामान की कमी को जल्द से जल्द पुरा करने के आदेश दिए। उन्होने आपातकालीन दवाईयों व उपकरणों को 24 घन्टे उपलब्ध रखने व प्रर्याप्त भण्डारण (स्टाक) रखने के आदेश दिए। निरिक्षण के दौरान उन्होंने सफाई या अन्य प्रकार की लापरवाही करने वाले कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बिना अनुमति के ड्यूटी से अनुपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को स्पष्टीकरण देने के भी निर्देश दिए।

## संविधान रचयिता बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित की

**टीम एक्शन इंडिया/ खरखौदा/ सोनीपत/ सोमपाल सैनी**

**रविवार को** खरखौदा के रोहतक रोड पर मास्टर गजे सिंह एडवोकेट द्वारा संविधान रचयिता बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान उन्होंने कहा किसी भी देश का संविधान उसकी राजनीतिक व्यवस्था का बुनियादी सांचा-ढांचा निर्धारित करता है। जिसके अंतर्गत उसकी जनता शासित होती है। यह राज्य की विधायिका, कार्यपालिका और



न्यायपालिका जैसे प्रमुख अंगों की स्थापना करता है। उसकी शक्तियों की व्याख्या करता है। उनके दायित्वों का सीमांकन करता है और उनके पारस्परिक तथा जनता के साथ संबंधों का विनियमन करता है। इस प्रकार किसी देश के संविधान को उसकी ऐसी 'आधार' विधि (कानून) कहा जा सकता है।

## अवैध हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत। जिले** की एंटी व्हीकल थैफ्ट सोनीपत ने अवैध हथियारों सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सोनू निवासी गांव बड़ी माजरा बुधा सहारनपुर उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। जांच अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि गांव महलाना बस स्टैंड के पास मौजूद थी। उसी दौरान एक युवक संदिग्ध हालत में घुमता हुआ मिला।

## उपायुक्त ने संविधान दिवस पर अधिकारियों को दिलाई शपथ



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**

**उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार** ने रविवार को संविधान दिवस के अवसर पर कैंप कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारत के संविधान की उद्देशिका को सर्वोपरि रख कर उसकी भावना के अनुरूप काम करने की शपथ दिलाई। उपायुक्त ने सभी को संविधान दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारत की ताकत अपने महान संविधान में निहित है। इसी के बूते भारत आज प्रभुतासंपन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतंत्रात्मक गणराज्य के तौर पर दुनिया का सबसे बड़ा व सशक्त प्रजातंत्र बना है, जो मजबूती से एकता के सूत्र में बंधा है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान, भारत का सर्वोच्च विधान है। 26 नवम्बर 1949 को भारतीय संविधान सभा द्वारा इस संविधान को अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया था। उपायुक्त ने कहा कि संविधान में जहां एक तरफ हमें अधिकार दिए गए हैं, वहीं दूसरी ओर हमारे कत्र्तव्य भी दिए गए हैं। हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कत्र्तव्यों को भी नहीं भूलना चाहिए। कत्र्तव्यों की पालना करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमें संविधान निमार्ताओं द्वारा संजोए गए सपनों के अनुरूप राष्ट्र के निर्माण करने में अपना योगदान देना है। संविधान में सभी नागरिकों को समान रूप से अधिकार दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए हमेशा तत्पर रहना है। इस अवसर पर नगराधीश पूजा कुमारी, एसडीएम अमित कुमार, डीआईपीआरओ कार्यालय से अधीक्षक नरेन्द्र दहिया, उपायुक्त कार्यालय से लिपिक शंशाक, डीईओ मंजीत कुमार, एमटीएस ब्रह्मद्वानंद सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

## श्री खाटू वाले श्याम के मधुर भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

रेलवे रोड के साथ लगते शिव मंदिर पार्क में द्वादशी संकीर्तन मंडल गन्नौर द्वारा 5वीं गन्नौर से चुलकाना धाम निशान यात्रा एवं भव्य द्वादशी संकीर्तन का आयोजन हुआ। जिसमें देर रात तक श्रद्धालु श्री खाटू वाले श्याम के मधुर भजनों पर जमकर झूमते दिखे। भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को पूरी तरह से भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स एमडी एवं समाजसेवी वीरेंद्र कादियान ने ज्योत प्रज्जवलित कर किया।



इसके बाद आमंत्रित भजन गायक प्रवीन कौशिक, प्रिंस-शुभम व सागर कोहली ने रात श्याम सपने में आया खाटू श्याम, काला-काला कहे गुजरी मत काले का जिक्र करे, आज मेरी सांवरे से अंख लड़ गई भजनों की प्रस्तुति देकर पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं को अपाने साथ झूमने के लिए मजबूर कर दिया। मुख्यातिथि वीरेंद्र कादियान ने कहा कि शहर में इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होते रहने चाहिए, ताकि समाज में भाईचारा व शांति बनी रहे। वहीं, संकीर्तन में भंडरा भी आयोजित किया गया, जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर महंत बाबा भलेगिरी महाराज, अंशुल जिंदल, महेंद्र वत्स, रजत मित्तल, सुनील दीवान, सोनू गोस्वामी, प्रवीन गर्ग, तेजु धनखड़, सन्नी बजाज, नीरज अग्रवाल, राजेश गर्ग, सुरेश चौहान, सुनील जैन, नीरज मित्तल आदि मौजूद रहे।

## गन्नौर: शहर के पार्कों में गीले व सूखे कचरे के लिए रखे जाएंगे कूड़ेदान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

नगरपालिका द्वारा शहर के पार्कों को स्वच्छ बनाने के लिए कूड़ेदान रखे जाएंगे। नगरपालिका द्वारा गीले व सूखे कूड़े के निपटान के लिए 36-36 कूड़ेदान मंगवाए गए हैं। गीले कचरा के लिए कूड़ेदान का रंग हरा होगा तो सूखे कूड़ेदान के लिए नीले रंग का कूड़ेदान रखा जाएगा। हालांकि कुछ पार्कों में पहले भी कूड़ेदान रखे हैं, लेकिन वह जर्जर हो चुके हैं। इसके अलावा गीले व सूखे कूड़े को अलग-अलग रखने की व्यवस्था भी नहीं की गई थी। अब नगरपालिका द्वारा पार्कों में दोनों



तरह के कूड़ेदान रखे जाएंगे, जिससे शहर के पार्कों की की सुंदरता में भी इजाफा होगा और पार्कों में भी गंदगी नहीं दिखाई देगी।

**4 लाख रुपये की लागत से मंगवाए गए कूड़ेदान**

नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने बताया कि पार्को में कुछ लोग खुले मे कूड़ा फेंक जाते हैं।

## लापरवाह अधिकारियों के कारण सरकार की बदनामी नहीं होगी बर्दाश्त

### सांसद व विधायक ने 10 गांवो में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत सुनी समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**सांसद रमेश** कौशिक व विधायक निर्मल चौधरी ने शनिवार को गन्नौर विधानसभा के 10 गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याएं सुनी।

सांसद व विधायक ने ज्यादातर समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान लोगों की समस्याएं सुनने के बाद सांसद ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वह समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान करें।

उन्होंने हिदायत दी कि अधिकारी काम न करने के लिए किसी तरह की बहानेबाजी न करें अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की



जाएगी। लापरवाह अधिकारियों के कारण सरकार की बदनामी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी।

गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने सांसद रमेश कौशिक व विधायक निर्मल चौधरी का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। सांसद व विधायक ने धतूरी, रामनगर, उमेदगढ़, पपनेरा ,ग्यासपुर रसूलपुर ,घसौली ,खेड़ी तगा, शाहपुर तगा व बेगा गांवों में जनसंवाद कर ग्रामीणों को भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों के साथ-साथ सरकार द्वारा करवाए गए विकास कार्यों के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर एसडीएम गन्नौर डा. निर्मल नागर, बिजली निगम के एक्सईएन अश्विनी कौशिक के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी व मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### हत्या में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना कोतवाली पुलिस द्वारा हत्या करने वाले दो वांछित अभियुक्तों को घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक लोहे का पाईप व एक डंडा के साथ गिरफ्तार किया है। हत्या के इस मामले की थाना कोतवाली पर रिपोर्ट दर्ज हुई थी। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली रवि त्यागी के मुताबिक सर्वेश पुत्र स्वं. रामजीलाल बाल्मीकि थाना अंतापाडा चौकी बंगाली घाट थाना कोतवाली तथा शैलेश पुत्र स्वं. रामजीलाल बाल्मीकि थाना अन्तापाडा चौकी बंगाली घाट थाना कोतवाली को लाइब्रेरी गेट डेम्पीयर नगर थाना कोतवाली जनपद मथुरा से गिरफ्तार किया गया। चार नवम्बर को मृतक की तहरीर पर थाना कोतवाली पर शैलेश व सर्वेश के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज हुई थी। तहरीर में अपने भाई के साथ दोनों अभियुक्तों द्वारा रंगेश्वर मन्दिर के पास जान से मारने की नियत से मारपीट करने का आरोप लगाया था। 10 नवम्बर को घटना में घायल पीड़िता की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी थी। इसके उपरान्त अभियोग धारा 307 से 302 भादवि में तरमीम हो गया था ।

### मुठभेड के बाद 25 हजार का इनामी मैंगो गिरफ्तार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
25 नवम्बर को थाना कोसीकलां पुलिस एवं एसटीएफ नोएडा टीम की संयुक्त कार्यवाही के दौरान पुलिस मुठभेड़ में थाना कोसीकलां के गैंगस्टर एक्ट में वांछित व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मथुरा द्वारा घोषित 25 हजार रुपये के इनामिया अपराधी राहुल मेव उर्फ मैंगो पुत्र तैय्यव निवासी विशम्भरा थाना शेरगढ़ जनपद मथुरा को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों पर करीब आधा दर्जन से अधिक चोरी, लूट, डकैती, गैंगस्टर, पुलिस मुठभेड़ आदि गंभीर धाराओं में मुकदमें पंजीकृत हैं। पुलिस मुठभेड़ में घायल अभियुक्त को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। इसके कब्जे से एक तमंचा, लूटा गया एक ट्रक बंद कंटेनर एनएल 01 एबी 8797 बरामद किया गया है।

### संविधान दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
उच्च न्यायालय, इलाहाबाद तथा जनपद न्यायाधीश मथुरा के निदेर्शानुसार 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर प्रभारी जनपद न्यायाधीश हरेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में 26 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से जनपद न्यायालय स्थित केन्द्रीय कक्ष में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण उपस्थित रहे। प्रभारी जनपद न्यायाधीश हरेन्द्र प्रसाद द्वारा संविधान की प्रस्तावना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सम्पूर्ण संविधान का सार प्रस्तावना में निहित है। जिसमें राज्य की सम्प्रभुता अखण्डता एवं लिंग भेद की बात की गई है। कार्यक्रम के समापन पर प्रभारी जनपद न्यायाधीश द्वारा उपस्थित सभी न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई।

### राम लला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे: साध्वी ऋतंभरा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
22 जनवरी 2024 को हमारे राम लला अयोध्या में बना रहे नवनिर्मित मंदिर के गर्भ ग्रह में विराजमान होंगे। हम सनातनियों के लिए इससे बड़ा उत्सव और कुछ नहीं हो सकता है। ये बातें श्रीधाम वृंदावन के परिक्रमा मार्ग स्थित कुंभ मेला क्षेत्र में चल रहे 108 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में मुख्य अतिथि के रूप में पधारी साध्वी ऋतंभरा ने बोलते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि स्वामी भरतदासाचार्य महाराज के सानिध्य में चल रहे इस महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ सुनने और सुनाने वाले दोनों के लिए अति पुण्य दायीं हैं। हम सनातनियों के बच्चे एक तुलसी के पौधे के समान हैं जिन्हें पूजा, पाठ धर्म आदि के पानी से सीखने की अत्यंत आवश्यकता है।
यही हमारे देश का भविष्य है इसलिए इनके अंदर हमें सनातन धर्म के सभी गुणों को डालना अत्यंत आवश्यक है। व्यास पीठ से डॉ स्वामी राघवाचार्य महाराज के द्वारा भागवत रूपी अमृत वर्षा की जा रही है उसका रसपान करने वाले आप सभी भक्त जो कि देश के कोने कोने से आए हैं वे सभी अत्यंत भाग्यशाली हैं। जिन्हें यमुना जी के पावन तट पर कुंभ मेला क्षेत्र में यह दिव्य भागवत कथा सुनने का मौका मिल रहा है। श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन आज श्रीमद् भागवत जी की आरती एवं विश्व कल्याण की कामना के साथ कथा का प्रारंभ हुआ।

# सभी भारतवासियों को एकजुट होकर राष्ट्र व जनता के हित में काम करना चाहिए: गर्ग

**संविधान दिवस**

8 भारत देश का संविधान अलग-अलग जाति व धर्म को जोड़ता है- बजरंग गर्ग



**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आज कांग्रेस भवन में संविधान दिवस के तौर पर मनाया गया। जिसमें कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने संविधान की प्रस्तावना पाठ करके संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ ली। इस अवसर पर लोकसभा पर्यवेक्षक कांतिलाल बरवार भी उपस्थित थे। इस अवसर पर हरियाणा कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग ने कहा कि भारत देश का संविधान 26 नवंबर 1949 में बना था। भारत देश का ऐसा संविधान है जो अलग-अलग जाति व धर्मो को जोड़ता है। भारत देश में लगभग 140 करोड़ की आबादी वाला विशाल देश है। भारत देश के संविधान के कानून को देश का हर नागरिक आदर करता है। इस संविधान के तहत सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट समेत देश की सभी अदालतें, संसद, विधानसभा, प्रधानमंत्री व हर राज्यों के मुख्यमंत्री सहित देश का हर नागरिक इसी के तहत काम करते हैं और संविधान के तहत ही हम सभी को अधिकार भी मिलते है। हम सब देशवासी पुरी स्वतंत्रता व समानता के साथ अपना जीवन जी रहे हैं। बजरंग गर्ग ने कहा कि हालांकि भारतीय संविधान 26 जनवरी 1950 को देश में लागू हुआ था। जिसका जशन हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में भव्य रूप से मनाया जाता है। इतना ही नहीं गणतंत्र दिवस को हर स्कूल, कॉलेज, प्राइवेट कंपनियां व सरकारी कार्यालय में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है जबकि हमारा देश 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ था।
उस समय हमारे पास अपना कोई संविधान नहीं था। संविधान की ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर जी थे इसलिए अंबेडकर जी को संविधान का निमार्ता कहा जाता है और भारत देश के पहले कानून मंत्री डॉ भीमराव अंबेडकर जी थे। संविधान तैयार करने के लिए 2 साल 11 महीने 18 दिन लगे थे।
भारतीय संविधान देश का सबसे लंबा लिखित संविधान है। हाथ से लिखे संविधान पर 24 जून 1950 को संविधान सभा के 284 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए थे।

## प्रदेश अध्यक्ष के सामने उठाया कार्यकर्ताओं की उपेक्षा का मुद्दा



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा में निष्ठावान कार्यकताओं की उपेक्षा का मुद्दा प्रदेश अध्यक्ष तक पहुंच गया है। ब्रज क्षेत्र सहसंयोजक मीडिया विभाग भाजपा इंजीनियर वीरभान सिंह चौधरी पार्टी संगठन से संबंधित कई विषयों पर चर्चा की एवं उत्तर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र को अवगत कराया। भाजपा के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र से लखनऊ स्थित आवास पर मुलाकात की। संगठन में निष्ठावान कार्यकताओं को स्थान देने की बात की एवं निष्ठावान कार्यकताओं का समय समय पर अपमान होता है। किसी भी वीआईपी के मथुरा आगमन पर कर्मठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी का पास तक नहीं बनाया जाता एवं उनका शोषण किया जाता है। उस पर उत्तर प्रदेश अध्यक्ष का ध्यान आकर्षित कराया। उत्तर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह जी ने बताया संगठन में जिला मंडल सेक्टर एवं बूथ स्तर से पार्टी का नेतृत्व काम करता है। कुछ अवसरवादी प्रोफेशनल लोग संगठन के लोगों को गुमराह करके संगठन में प्रवेश कर जाते हैं। मगर समय आने पर उनका भंडाफोड़ हो जाता है। इसलिए आप संगठन का काम करिए संगठन मजबूत करने के लिए कार्य करिए पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करिए कौन अच्छा है, कौन अच्छा नहीं है।

## करोडों के दान में गायों के लिए कौडी नहीं!

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जब ब्रज का जिक्र होता है तो कान्हा के साथ गाय और यमुना का भी जिक्र होता है। गाय और यमुना ब्रज में आज भी जीवंत हैं जबकि कान्हा करोडों सनातनियों की आस्था के केंद्र हैं। सनातनियों में गाय और यमुना को लेकर भी गहरी आस्था है। यमुना की दुर्दशा पर अब लोग खामोश है। कभी यमुना के लिए मरने मिटने की बात करने वाले मौन साध गये हैं। ब्रज में गाय के नाम पर दान मांगने की परंपरा रही है। इसे गौ सेवा कहते हैं। ब्रज में आने वाले अधिकांश श्रद्धालु गौ सेवा के नाम पर कुछ न कुछ देकर जाते हैं। बरसाना के लाडली जी मंदिर में सेवा को लेकर झगड़ा बढ़ता जा रहा है। सेवायत पैसे के लिए लड़ मर रहे हैं। रावल के राधारानी मंदिर में सेवा के अधिकार को लेकर दो पक्षों के बीच वर्षों से मुकदमेबाजी चल रही है। वृंदावन के ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर के सेवायत कह रहे हैं कि सरकार जमीन दे दे हम अपने पैसे से मंदिर निर्माण करा लेंगे। ब्रज में ऐसे मंदिरों की संख्या बहुतायत में है जिन पर महीने में करोड़ों रुपये का दान आता है और अरबों रुपये की संपत्ति मंदिरों से जुड़ी है। इस दान के पीछे श्रद्धालुओं की कान्हा और उसकी गाय से जुड़ी आस्था ही है जो उन्हें यहां खींच कर लाती है। इसके बावजूद इन अरबों के दान में से कान्हा की गायों के लिए फूटी कौड़ी नहीं दी जा रही। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन के आदेश पर गाय अस्थायी गोशालाओं में रखी गई हैं। इनके आहार की नगर पंचायत और ग्राम पंचायत स्तर पर समुचित व्यवस्था नहीं की जा रही है।
बड़ी संख्या में गोवंश सड़क पर है और किसानों के खेतों में फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। सरकार के तमाम दावों और वादों के बावजूद किसानों की सर्द रातें आज भी खुले आसमान के नीची खेतों पर गुजर रही है।
ब्रज में परंपरा रही है कि जो लोग मठ मंदिरों से जुडे हैं वह श्रद्धालुओं से गाय की सेवा के नाम पर दान मांगते हैं। श्रद्धालु गाय की सेवा के लिए दान देते भी हैं लेकिन इस दान में गाय तक कुछ पहुंचता नहीं है।

## ठाकुर राधावल्लभ के 516 वे पाटोत्सव का आयोजन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन में नव निभृत ठाकुर राधा बल्लभ के 516 वें पाटोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शनिवार को श्रीहित हरिवंश की तपस्थली प्राचीन मदन टेर से बड़ा रास मंडल तक भव्य चाव सवारी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें राधा बल्लभीय संप्रदाय से जुड़े देश-विदेश के हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। मंदिर के तिलकायत अधिकारी मोहित मराल गोस्वामी ने कहा कि नारायण की भक्ति में ही परम आनंद मिलता है। भगवान प्रेम के भूखे हैं। वासनाओं का त्याग करके ही प्रभु से मिलन संभव है। आचार्य राधेश लाल गोस्वामी ने कहा कि यह संसार भगवान का एक सुंदर बगीचा है।

## जनपद में विद्युत विभाग का उपभोक्ताओं पर 442 करोड़ रुपये का बकाया

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
विद्युत विभाग की ओटीएस योजना में बकायेदार रुचि ले रहें। अब तक 11 हजार से अधिक बकायेदार उपभोक्ताओं इस योजना के तहत रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। प्रदेश में पहली बार बिजली चोरी के बकायेदों के लिए ओटीएस योजना लागू की गई है। इसमें 65 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। यह योजना 30 नवम्बर तक योजना लागू रहेगी। इसके बाद क्रमशः छूट कम होती जाएगी। चोरी के प्रकरणों वाले उपभोक्ता इस योजना का अधिक लाभ ले रहे हैं। 15 दिसम्बर तक 40 प्रतिशत तथा इसके बाद 50 प्रतिशत धनराशि एवं समन जमा कराना होगा। इसके लिए संबंधितों को विभिन्न माध्यमों से नोटिस भी भेजे जा रहे हैं। टीमें प्रचार प्रसार में लगी हैं। जिस समय योजना लागू हुई तब तक मथुरा जोन में बिजली चोरी के 19 हजार 600 से अधिक मामले थे और बिजली चोरी करने वालों पर 72 करोड़ 65 लाख का जुमार्ना लगाया गया था। अगर सभी बिजली चोरी के प्रकरणों से जुडे बकायेदार इस योजना का लाभ उठाते हैं तो उन्हें 25 करोड़ रुपये ही जमा कराने होंगे।
25 नवम्बर तक ओटीएस स्कीम में जनपद भर में 10 हजार 991 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। प्रथम चरण में 35 प्रतिशत छूट के साथ यह योजना 30 नवम्बर तक जारी है। शहरी क्षेत्र में 2024 रजिस्ट्रेशन हुए हैं। शेष दिनों में रजिस्ट्रेशन कराने वालों की संख्या में तेजी आने की संभावना है। जनपद में विद्युत उपभोक्ताओं पर पर कुल 442 करोड़ रुपये बकाया चल रहा है। अब तक इस योजना के तहत 10 करोड 76 लाख रुपये की वसूली हो चुकी है। चोरी के मामलों 65 प्रतिशत की छूट दी गई है। इस तरह की योजना पहली बार लागू हुई है। अधिकतम 12 किश्त बनेंगी। दो बार डिफाल्ट की छूट हो सकती है।

# आम आदमी पार्टी हरियाणा में बदलाव लाने के लिए प्रयासरत : ढांडा

**समर्थन**

8 *आम आदमी पार्टी की सरकार में ऐसी प्रतियोगिताओं को मिलेगा समर्थन : अनुराग ढांडा*



**कैथल/टीम एक्शन इंडिया**
आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने रविवार को आरकेएसडी कॉलेज में आयोजित सब जूनियर हरियाणा स्टेट जूडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि यहां सभी खिलाड़ी अपने अपने जिले में अलग अलग कटेगरी में जीतकर स्टेट लेवल के लिए मुकाबला करने पहुंचे हैं। सभी टीमों को मेरी शुभकामनाएं हैं। उन्होंने कहा कि हम आने वाले दिनों हरियाणा में बदलाव लाने की कोशिश कर रहे हैं, यदि ये बदलाव होता है तो ऐसी प्रतियोगिताओं को सरकार पूरा समर्थन दिया करेगी। इससे भी बड़े बड़े आयोजन आने वाले समय में कराएंगे, खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को निखारेंगे और दुनिया में बड़ी से बड़ी कामयाबी हासिल कर सकें उसके लिए जमीन तैयार करेंगे।
वहीं सीएम की समालखा जनसभा पर निशाना साधते हुए कहा कि सीएम खट्टर ने जमीन पर कोई काम नहीं किया है। सिर्फ और सिर्फ झूठी घोषणाएं कर वाहवाही लूटने में लगे हैं। आज भी क्षेत्र के स्टेडियम और सड़कों की खस्ता हालत है। पिछले 9 सालों में सीएम ने सिर्फ घोषणाएं ही की है।
कोई काम नहीं किया।
वहीं उन्होंने सीएम खट्टर द्वारा वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार तक के परिवारों की बेटियों की फ्री शिक्षा को लेकर की गई घोषणा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि फ्री शिक्षा सबका अधिकार है, इसे दायरे में नहीं बांधना चाहिए।शिक्षा तो सबकी फ्री होनी चाहिए और अच्छी होनी चाहिए। इस देश में पैदा होने वाले हर बच्चे का अच्छी शिक्षा का अधिकार है। आम आदमी पार्टी की सरकार में सबको मुफ्त शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों के बच्चे कैसे आगे बढें? सरकार उनके मां बाप की नौकरियां छीन रही है। आम आदमी पार्टी सफाई कर्मचारियों की मांगों को समर्थन करती है। सरकार को तुरंत हटाए गए कर्मचारियों को वापस लेना चाहिए। वहीं 2024 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर पंजाब और दिल्ली की तर्ज पर सभी सफाई कर्मचारियों को पक्का किया जाएगा।

## गुरुग्राम में आज से श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुग्राम के लेजरवैली पार्क में सोमवार से श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव शुरू होगा। 3 दिसंबर तक चलने वाले इस महोत्सव में अखंड परमधाम के संस्थापक एवं श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र श्रीधाम अयोध्या ट्रस्ट के मुख्य स्थाई सदस्य श्री परमानन्द गिरी जी महाराज के सानिध्य में अखंड परमधाम के मुख्य संरक्षक महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी ज्योतिर्मयानंद गिरी महाराज अपने मधुर स्वरों से कथा वाचन करेंगे।
अखंड परमधाम सेवा समिति द्वारा आयोजित इस महोत्सव के संयोजक के रूप में गौसेवा आयोग के वाइस चेयरमैन पूरन यादव लोहचब ने बताया कि यह महोत्सव रोजाना सुबह सुबह योगासन एवं ध्यान साधना से शुरू होगा। पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक पवन जिंदल और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। पूरन यादव ने बताया कि अन्य दिनों में गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला, भाजपा के प्रदेश मंत्री मनीष यादव, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य बोधराज सिकरी, भाजपा पर्यावरण विभाग के प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर यशपाल बत्तरा और भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं आईटी विभाग प्रमुख अरुण यादव रहेंगे।आयोजन की शुरूआत 27 नवंबर को मंगल कलश यात्रा से होगी। कलश यात्रा सुबह साढ़े आठ बजे सेक्टर 29 के फायर स्टेशन के नजदीक स्थित प्राचीन शिव मंदिर से होगी, जिसमें हजारों महिलाएं कलश लेकर लेजरवैली कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगी।

## स्कूल संचालक की लाठियों से पिटाई

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कस्बा नौहझील के मथुरा रोड़ पर अज्ञात बदमाश द्वारा एक स्कूल संचालक को जमकर लाठीयों से पीटने का मामला प्रकाश में आया है। स्कूल संचालक द्वारा अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। कस्बा नौहझील निवासी मनीष पाठक मथुरा रोड पर ब्रजवासी जूनियर हाईस्कूल के नाम से स्कूल चलाते हैं। लगभग दो बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद घर लौट रहे थे तभी नौहझील मथुरा रोड पर एक बदमाश झाड़ियों में छुपा बैठा था वहीं दूसरा बदमाश बाइक स्टार्ट कर खड़ा था। झाड़ियों में छुपे बदमाश ने बाइक के आगे आकर बाइक रोकने को कहा संचालक ने बाइक रोक ली। बदमाश ने दो मिनट साधारण बात करने के बाद बाइक सवार स्कूल संचालक मनीष पाठक पर जमकर लाठियों से प्रहार कर दिया और मौके से भाग खड़े हुए।

## धारा-370 की पक्षधर पार्टियों को उखाड़ फेंकना है: धनखड

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने अंबाला कैंट विधानसभा पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा है कि कांग्रेस ने सदा देश को बांटने का काम किया है। कांग्रेस की गलत नीतियों और गलत सोच के कारण ही जम्मू-कश्मीर में धारा-370 लगाकर दशकों तक देश की मुख्य धारा से काटे रखा, लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने एक झटके में 370 हटाकर जम्मू-कश्मीर में शांति बहाली की। उन्होंने कहा कि हमें अब धारा-



370 की पक्षधर कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों को जड़ से उखाड़ फेंकना है। सम्मेलन के संयोजक गृहमंत्री अनिल विज ने भी पन्ना प्रमुखों को संबोधित किया। श्री विज ने कहा कि चुनाव 2024 में पन्ना प्रमुखों की मेहनत के बल पर केंद्र व हरियाणा में भी तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। श्री धनखड़ ने कहा कि राम मंदिर निर्माण के खिलाफ 21-21 वकीलों को खड़ा करने वाली पार्टी को चुनाव 2024 में धूल चटानी है। जिन्होंने राम लला को सालों तक टेंट में बैठाये रखा। श्री धनखड़ ने कहा कि देश का बंटवारा किस पार्टी ने स्वीकार किया और 3 लाख 27 हजार बलिदानियों की शौर्यगाथा को छिपाने का पाप जिस पार्टी ने किया है उस कांग्रेस को हमें याद रखना है और चुनाव में उसके खिलाफ वोट करना है और करवाना है। धनखड़ ने पन्ना प्रमुखों को पार्टी की बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा की रीति व नीति है कि पन्ना प्रमुख में से ही कोई प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व पार्टी अध्यक्ष सहित अन्य पदों पर विराजमान होकर देश की सेवा करते हैं।

# मजबूत भाईचारे कि सांज : नानक साई फाऊंडेशन कि भक्त नामदेव घुमान

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** हजूर साहिब (महाराष्ट्र) से निकाली गई नानक साई फाऊंडेशन की ९ वी भक्त नामदेव सदभावना घुमान यात्रा २६ नवंबर मे धर्मनगरी कुरुक्षेत्र पहुंची है,यात्रा का नीलधारी संप्रदाय ,हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी और नानक साई कि हरियाणा टीमद्वारा गरमजोशी से स्वागत किया गया। नानक साई फाऊंडेशन के प्रमुख पंढरीनाथ बोकारे के नेतृत्व मे महाराष्ट्र कि नामदेव संगत कुरुक्षेत्र आयी हाई। पंजाब महाराष्ट्र के धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संबंधों को जोड़नेवाली एवम ह्लमजबूत भाईचारे कि सांजह्व का संदेश दे रही इस यात्रा को सभी स्तरपर भारी समर्थन मिला है। श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 554वें प्रकाश पर्व एवं संत शिरोमणि भक्त नामदेव महाराज की 753वीं जयंती के



अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नानक साईं फाऊंडेशन (महाराष्ट्र) द्वारा नौवीं भगत नामदेव घुमन यात्रा का आयोजन किया गया है। यह यात्रा चंदीगड-हरियाणा-हिमाचल प्रदेश और पंजाब के विभिन्न धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थानोका दर्शन करेगी। गुरुद्वारा लंगर साहिब (श्री हजूर साहिब) के मौजुदा मुखी संत बाबा नरिंदरसिंघ जी,संत बाबा बलविंदरसिंघ जी, संत बाबा सतनामसिंघ जी पिपलीसाहिबवाले,कार सेवा मुखी अमृतसर संत बाबा कश्मीरसिंघ जी भुरीवाले,संत बाबा गुरुदेवसिंघ जी आनंदपुरसाहिबवाले,संत बाबा जोगासिंघजी करनालवाले इन महापुरुषोंका आशीर्वाद तथा ऊनके संपूर्ण सहयोग येह यात्रा आयोजित है। नानक साई फाऊंडेशन के हरियाणा प्रदेश प्रमुख सरदार तेजिंदरसिंह मक्कर द्वारा बताया गया कि,इस सदभावना यात्रा में महाराष्ट्र प्रदेश से २९८ श्रद्धालु शामिल है। जाट धर्मशाला मे यात्रा का भारी स्वागत किया गया। स्वागत के लिये एस. सरदार कवलजीत सिंह अजराना (प्रवक्ता ल्हरऋ्रठ हरियाणा), बीबी रविंद्र कौर अजराना अंतरिम मैंबर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी बीबी मनजीत कौर मक्कड़ सरदार तेजेंद्र सिंह मक्कड़ हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नानक - साईं फाऊंडेशन सरदार दिलबाग सिंह सरदार नरेंद्र सिंह गिल मैनेजर जज सिंह सुखदेव सिंह एवं स्टाफ गुरुद्वारा छेवीं पातशाही सरदार दविंदर सिंह उपस्थित थे। नीलधारी संप्रदाय संत बाबा सतनामसिंघ जी पीपलीसाहिबवालो कि ओरसे बाबा शमशेरसिंघ जी कालरा द्वारा पीपली गुरुद्वारा मे नानक साई फाऊंडेशन कि जनरल सेक्रेटरी बिबी प्रफुल्ला बोकारे,जॉइंट सेक्रेटरी श्रेयसकुमार बोकारे और संगत का स्वागत किया।

## कांग्रेस की दलित गौरव यात्रा का हुआ समापन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
काशीराम के परिनिर्वाण दिवस 11 अक्टूबर से 26 नवम्बर संविधान दिवस तक कांग्रेस ने दलित गौरव यात्रा स्वाभिमान के वास्ते संविधान के रास्ते के नारे के साथ आयोजित की। रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा की अध्यक्षता में सम्मेलन का आयोजन किया गया।
गौरव यात्रा में शामिल हुए प्रबुद्धजनों की कोर कमेटी का गठन किया गया। सभा का संचालन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण भास्कर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद के दलित समाज से आने वाले प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा कहा कि आज हम डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान का संविधान दिवस मना रहे हैं। डॉ. अंबेडकर जो दलित समाज से आते थे उनके द्वारा देश की व्यवस्था को सही रूप से चलाई जाने के लिए संविधान का निर्माण किया गया। परंतु आज मोदी सरकार द्वारा इस संविधान को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। दलितों की आवाजों को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

# नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे मेयर निखिल मदान



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**नगर निगम** मेयर निखिल मदान ने रविवार को शहर के आर्य नगर का दौरा किया और नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। मेयर निखिल मदान ने कहा कि लाइन पार क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम द्वारा लगातार विकास कार्य किए जा रहे है। इसी क्रम में वार्ड नंबर 17 में नगर निगम द्वारा 22 लाख की लागत से तीन विभिन्न स्थानों पर पानी की नई पाइप लाइन बिछाई गई है जिससे क्षेत्र वासियों को बेहतर तरीके से पेयजल आपूर्ति की जाएगी। मौके पर मौजूद निगम पार्षद नवीन तंवर ने बताया कि वार्ड नं 17 के वेस्ट रामनगर में गली नंबर 8 और वेद वाटिका के पीछे पानी की नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा हो चुका है। साथ ही आर्य नगर में कार्य प्रगति पर है जिसे आगामी दो दिन में पूरा कर लिया जाएगा। मौके पर निगम पार्षद नवीन तंवर, अनिल बाजवान,नरेंद्र भोला,अशोक,सतीश वर्मा,राजेश,सतीश,दीपक शर्मा, राकेश,सुभाष,जयबीर वर्मा आदि लोग मौजूद रहे। इसके उपरांत मेयर निखिल मदान ने जवाहर नगर के सरदारों वाली गली में नवनिर्मित शिव मंदिर कमेटी द्वारा आयोजित भव्य कलश यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने कलश उठाकर ककरोई रोड़ से यात्रा प्रारंभ की और मंदिर पर समापन किया। मेयर निखिल मदान ने बताया कि इतनी भव्य और विशाल कलश यात्रा में शामिल होना बेहद सौभाग्य की बात है, वो सभी जवाहर नगर वासियों को अपनी शुभकामनाएं देते है। स्थानीय निवासी बिजेंद्र ने बताया कि कल शिव मंदिर में मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया जायेगा, जिसके उपरांत विशाल भंडारा भी आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर वेद सिंह, रमेश, सत्यनारायण बिजेंद्र टिंबर वाले,शुभम शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने उत्साह के साथ 74वां संविधान दिवस मनाया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**
**पानीपत रिफाइनरी** एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने आज सुबह 74वाँ संविधान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एम. एल. डहरिया , कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी ने इंडियन ऑयल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में भारत के संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। इस अवसर पर पीआरपीसी परिवार को संबोधित करते हुए श्री डहरिया ने विश्व के सबसे विस्तृत एवं लिखित संविधान जिसे भारत का सर्वोच्च कानून माना जाता है की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डाला। इसके अलावा उन्होंने भारत के संविधान के महत्व एवं उपयोगिता को भी उल्लेखित किया। डहरिया ने डॉ भीम राव अंबेडकर के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए कहा कि संविधान निर्माण में उनके योगदान को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता । उन्होंने हमारे संविधान में निहित नागरिक एवं मौलिक कर्तव्यों पर भी प्रकाश डालते हुए इनका ईमानदारी और सच्ची भावना से पालन करने का अनुरोध किया तथा दूसरों से भी इन कर्तव्यों की पालना करवाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आगे कहा कि हमारा महान संविधान भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है और देश के सभी लोगों के पूर्ण विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। अतः हम सभी को भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा रखते हुए एवं सम्मान करना चाहिए और हमारे संविधान में निहित विशेषकर मौलिक कर्तव्यों का अक्षरशः व निष्ठा से पालन करना चाहिए। इस अवसर पर श्री डहरिया ने स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धापूर्वक याद किया और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके महान योगदान के बारे में विस्तार से बताया। अंत में कार्यक्रम को कार्बन न्यूट्रल बनाने के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें डहरिया ने पीआरपीसी की मिनी स्मार्ट सिटी में वृक्षारोपण किया। इससे पहले कार्यक्रम में श्री विवेक नारायण, महाप्रबन्धक (कर्मचारी सेवाएँ) ने एक प्रस्तुति के माध्यम से संविधान में दर्शाए गए मौलिक कर्तव्यों का एवं इसकी प्रमुख धारणाओं के बारे में बताते हुए इनका ईमानदारी से पालन करने का आग्रह किया एवं देश की निस्वार्थ सेवा करने के लिए के लिए प्रेरित किया । इसके अलावा आज सांयकाल में पीआरपीसी का प्रबंधन इंडियन ऑयल पानीपत एससी/एसटी इम्प्लाईज वेलफेयर एसोसिऐशन (आईपीसेवा) के सहयोग से एक और भव्य कार्यक्रम के आयोजन करने जा रही है जिसमें कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि विभाग से डॉक्टर अजीत सिंह चहल, विशिष्ट अतिथि के रूप में भी उपस्थित रहेंगे और अपने बहुमूल्य विचार रखेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत। मुरथल** थाना पुलिस ने दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित संजय निवासी मुरथल का है।पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मुरथल निवासी रामकुंवार ने गत 9 नवंबर को शिकायत देकर बताया कि वह अपनी स्कूटी पर 7 नवंबर को मुरथल चौक पर आया था। उसे दुकान के पास खड़ी करके बाहर चला गया। अगले दिन शाम को आकर देखा तो स्कूटी नहीं मिली। अपने स्तर वाहन की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी सतीश ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित संजय को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### सट्टेबाजी करते हुए टीम ने 33 आरोपितों को किया गिरफ्तार

**सोनीपत। शहर थाना क्षेत्र** की ईदगाह कॉलोनी में सट्टेबाजी करते हुए पुलिस ने 33 सट्टेबाजों को काबू किया है। गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि ईदगाह कॉलोनी में सट्टेबाजी कर रहे है। टीम ने छापेमारी करते हुए मनोज निवासी राज मोहल्ला, सुभाष, निवासी भठगांव, अब्दुला निवासी ईदगाह कॉलोनी, सुरेश निवासी ठरू, भगता निवासी सहजादपुर, टिंकू, विशाल, निवासी ईदगाह कॉलोनी, मुकेश, नसीम कबीरपुर, प्रेम निवासी गांधी कॉलोनी, अनीश, यामीन, सुनील, अजय, नरेश कुमार, पाले राम, प्रदीप, भोलू, अशोक, अमन, सचिन, मोनू, भारतभूषण, मेहरसिंह, सलाउदीप, सुमित, संजय, छोटू, सरवेश, रणधीर, मनोज, प्रेम आसीफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपितों के पास से पुलिस ने कुल 50240 रुपये की राशि को बरामद किया है।

### मोबाइल टावर की बैटरी चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ़्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत। स्पेशल एंटी** गैंगस्टर युनिट सोनीपत पुलिस ने मोबाइल टावर की बैटरी चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अरशाद निवासी जानी उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। भठगांव निवासी अरविन ने गत 16 नवंबर को शिकायत देकर बताया कि उसके पास मोहाली से फोन आया कि बीएसएन की साइट डाउन है। जिसके चलते पलड़ी खुर्द में जाकर चेक किया तो प्लॉट के अंदर लगे टावर का ताला तोड़कर पांच बैटरी किसी ने चोरी की हुई पाई गई। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलि ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए जांच अधिकारी प्रदीप की टीम ने पांच आरोपितों को पहले गिरफ्तार कर लिया था। वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

### तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार महिला को कुचला, मौके पर मौत

**सोनीपत। सोनीपत-गोहाना** सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार महिला को कुचल दिया। महिला स्कूटी पर सवार होकर डयूटी पर जा रही थी। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतका के पति के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव बड़वासनी निवासी प्रवीन ने बताया कि वह सिक्योरियटी गार्ड की नौकरी करता है। उसकी पत्नी पिंकी (28) रिलाइंस शोरूम पर काम करती है।

# मुरथल : सोनीपत में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**महाराणा प्रताप** उद्यान विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान केंद्र मुरथल सोनीपत में मशरूम उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन से सम्बधित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में हरियाणा के अलावा विभिन्न प्रदेशों से आए 42 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन डॉ. मनीष कुमार ने मंच संचालन किया। केंद्र निदेशक डॉक्टर अजय सिंह ने कहा कि मशरूम क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं है। उन्होंने कार्यशाला में आए प्रतिभागियों को बताया कि किसान सालभर में मशरूम की खेती किस प्रकार करें ताकि उन्हें मौसम में बदलाव के दौरान मशरूम की खेती करने में कोई परेशानी सामने न आए। निदेशक ने किसानों को मशरूम के प्रस्करण ओर मूल्य संवर्धन की उपयोगिता के बारे में बताया। जिसके बारे में संस्थान में लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाते है। प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देने का मुख्य मकसद ये है कि प्रतिभागियों को मशरूम की खेती करने व उसके बनने वाले विभिन्न उत्पादों के बारे में जानकारी से अवगत कराया जा सकें। इन सबकी जानकारी होना अति आवश्यक होता है, क्योंकि सही प्रकार से ट्रेनिंग न हो तो ये परेशानी वाला हो सकता है। डॉ अजय सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने वाले प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट के साथ-साथ मशरूम के बीज भी वितरित किए ताकि प्रतिभागी छोटे स्तर पर मशरूम की खेती कर सकें।

## धार्मिक स्थल बाबा देवता पर लगा विशाल भंडारा



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**नगरपालिका** रोड स्थित धार्मिक स्थल बाबा देवता पर कार्तिक की त्रयोदशी के अवसर पर सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पहले हवन यज्ञ किया गया। जिसमें मुख्य यजमान के तौर पर रामनिवास शर्मा व उनकी धर्मपत्नी ने आहूति डाली। मंगलू शर्मा ने बताया कि मुदगल परिवार के बाबा देवता में काफी लोगों की आस्था है। उन्होंने कहा कि जो भी यहां सच्ची श्रद्धा के साथ अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचता उसकी सभी मन्नतें पूरी होती हैं। इसलिए यह धार्मिक स्थल पर दूर से दूर से श्रद्धालू पहुंचते और उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। यहां हर वर्ष सामुहिक रूप से भंडारा आयोजित किया जाता है। उन्होंने ने कहा कि किसी भूखे का भोजन कराने से देवी देवता प्रसन्न होते है और उनकी विशेष कृपा होती है।

# गनौर में लगाया रक्तदान शिविर, लोगों ने किया रक्तदान



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जनहित अभियान** फाउंडेशन व बेगा युवा वेलफेयर सोसायटी के द्वारा जनता लैब बेगा रोड गनौर में लगाया रक्तदान शिविर कार्यक्रम का आयोजन बेगा युवा वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक सोमवीर शास्त्री ने किया और कहा की हम भविष्य में भी ऐसे ही सामाजिक कार्य करते रहेंगे जनहित अभियान फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया की आज के रक्तदान शिविर में 57 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया इस अवसर पर स्टेट अवॉर्डी प्रवक्ता दिलबाग सिंह,पहलवान हवा सिंह अंतिल , अध्यापिका गीता,फॉरेस्ट मेन राजपाल छिकारा,जगदीश त्यागी ,परवीन त्यागी, अरविंद शर्मा, महताब,देवेंद्र मास्टर, डा रवि, जस्सा प्रधान,गोविंद शर्मा,परवीन पाल,भूप सिंह,सुरेश भूटानी आदि उपस्थित रहे

## पानीपत ग्रामीण की मासिक बैठक हुई संपन्न

**पानीपत, कमाल** हुसैन
संविधान दिवस एवं आम आदमी पार्टी स्थापना दिवस के अवसर पर सैकड़ो की संख्या में पार्टी में जॉइनिंग आम आदमी पार्टी हल्का पानीपत ग्रामीण की मासिक मिट्टी आज जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। इस मीटिंग में संविधान निमार्ता डॉ बी आर अंबेडकर को संविधान दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं आम आदमी पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुखबीर सिंह मलिक द्वारा संचालित किया गया। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉक्टर संदीप पाठक के आदेश अनुसार हरियाणा में 366 ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किए गए।

# पंजाबी शिक्षकों की भर्ती हरियाणा को एक और तोहफा मनोहर सरकार का- सचदेवा



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** राष्ट्रीय पंजाबी महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पंजाबी बिरादरी विकास सभा हरियाणा के अध्यक्ष संदीप सचदेवा-एडवोकेट ने हरियाणा के 36 बिरादरी के नेता हरमन प्रिय मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर जी का पंजाबी शिक्षकों की 190 पोस्ट बनाने के लिए और 190 शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पिछले काफी समय से पंजाबी शिक्षकों द्वारा भर्ती प्रक्रिया को शुरू करने के लिए यह मांग की जा रही थी और इस संदर्भ में पंजाबी शिक्षकों का एक प्रतिनिधि मंडल उनसे भी मिला था जिसके पश्चात उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री जी के संज्ञान में यह विषय लाया जिस पर यह बताया गया कि इस पर पहले से ही सरकार चिंतित है और प्रक्रिया चालू कर रखी है और सरकार ने इस विषय में हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के माध्यम से यह प्रक्रिया शुरू कर दी है और बहुत जल्द हरियाणा में अपने 190 पंजाबी शिक्षक भर्ती कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मनोहर लाल जी की सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग की जरूरत के अनुसार योजनाएं बनाकर उनको अमली जाना पहनने का काम कर रही है यही इस सरकार की विशेषता और खासियत है!! उन्होंने कहा कि पोर्टल की सरकार की वजह से सरकार के कामों की पारदर्शिता भी बड़ी है और आम आदमियों का विश्वास भी सरकार में बड़ा है क्योंकि सरकार बिना पर्ची बिना खर्ची के ईमानदारी, मेहनत और योग्यता के आधार पर नौकरियां देती है।
पंजाबी शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया के लिए समस्त पंजाबी समाज के लोगों ने माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लिाल जी का धन्यवाद किया और आशा व्यक्ति की भविष्य में यह संख्या और भी बढ़ाई जाएगी ताकि पंजाबी भाषा को हरियाणा में लोकप्रिय बनाया जाए और पंजाबी भाषा के इस ज्ञान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचा जा सके। पंजाबी भाषा अपने आप में एक समृद्ध इतिहास लिए हुए हैं और इसका ज्ञान होना हम सबके लिए गौरव का विषय है!

## राज्य स्तरीय गर्ल्ज वालीबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**28 नवंबर** से शुरू हो रहे हरियाणा खेल महाकुंभ में राज्य स्तरीय गर्ल्ज वालीबाल प्रतियोगिता के लिए ट्रायल खरखौदा के प्रताप स्कूल में हुआ। ट्रायल में रतिराम स्कूल की 12 लड़कियों का चयन किया हुआ है। चयनित खिलाड़ी अब 28 नवंबर से पंचकुला में शुरू हो रहे हरियाणा खेल महाकुंभ में गर्ल्ज वालीबाल प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। चयनित खिलाड़ियों का स्कूल में पहुंचने पर चेयरमैन रविंद्र धनखड़ ने मिठाई खिला कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि चयनित खिलाड़ी अपने खेल का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अच्छे परिणाम लाएंगी और जिले का नाम रोशन करेंगी।

# ग्रामीण आज भी बिजली, पानी व नालियों जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित: सचिन



**पानीपत/कमाल हुसैन हल्का पानीपत ग्रामीण** के विजय नगर समस्त कोलोनिवासियो द्वारा नाली ,गली,बिजली के खंभे,नालों की सफाई व जो गली बनी हुई उनकी सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया।
इस अवसर पर हरियाणा युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सचिन कुंडू धरने में शामिल हुए और अपना समर्थन दिया। सचिन कुंडू ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार का मकसद केवल सत्ता पाना था। प्रदेश की भोली भाली जनता को झूठे वादे कर सत्ता में आ गए और जनता को किए वादे भूल गए। आज विधायक भाजपा सरकार के पार्षद भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री भाजपा सरकार के हैं फिर भी हालात जस के तस बने हुए हैं।
आगे बोलते हुए सचिन कुंडू ने कहा कि हल्का पानीपत ग्रामीण की समस्त कालोनियों में किसी प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। सड़कें टूटी हुई हैं व जगह जगह खड्डे हुए पड़े हैं, सीवरेज नहीं हैं नालियों बंद पड़ी हैं का पानी रास्तों में भर रहा है, जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं जिससे कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है, पीने के पानी की कोई सुविधा नहीं है। जनता अपने मूलभूत अधिकारों के लिए बेहद परेशान है। परंतु सरकार ने कालोनीवासियों की मांगो को नजरंदाज कर दिया है ।
वर्तमान सरकार में किसान अत्यंत दुखी हैं, फैमली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी के नाम पर लोगों को ठगा जा रहा है उद्योग जगत चौपट पड़े हैं, युवा बेरोजार सड़कों पर घूम रहे हैं।प्रदेश के हर वर्ग में इस जनविरोधी सरकार के प्रति रोष है जिसके चलते चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने पर एकबार फिर से प्रदेश को खुशहाली व विकास की राह पर लौटाया जायगा।

## कुरीतियों को समाप्त करने के आठवें संकल्प के साथ हुआ तुलसी विवाह

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
मन्दिर श्री ठाकुर द्वारा कल्याण नगर में रविवार को तुलसी शालिग्राम का विवाह धूमधाम से किया गया । वर पक्ष की ओर से मन्दिर समिति प्रधान पवन वीना तनेजा और वधु पक्ष की ओर से संजय सुमन चौपड़ा ने रस्म अदा की। कल्याण नगर, ऋषि नगर, बत्रा कॉलोनी से निकली शालिग्राम की बारात में महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। स्थानीय निवासियों ने गली गली में फूलों की वर्षा कर बारात का स्वागत किया । श्रद्धालुओं ने स्टाल लगाकर बारातियों का अभिवादन किया । लोगों के उत्साह एवं अतिथि सत्कार में भक्तगण प्रेमरस में डूबे रहे । श्रीकृष्ण एवं श्री राधा जी की झांकियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। कन्याभ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के संकल्प के साथ आठवें वचन का फेरा लगा कर तुलसी शालिग्राम विवाह सम्पन्न हुआ । अमृतमयी भण्डारे में लोगों ने प्रशाद का आनन्द लिया । इस मौके पर मन्दिर प्रधान पवन तनेजा, महासचिव प्रेम नारंग, सचिव महेंद्र बत्रा, प्रेम वधवा, राकेश बत्रा, रमेश मानकटालिया, अशोक पुरी, सोनू कालड़ा, तिलकराज सेतिया, महिला मण्डली प्रधान द्रौपदी थरेजा, महिला महासचिव वीना तनेजा, राज मुंजाल, प्रकाश आहूजा, रितु नंदा, वर्षा वर्मा, सरोज, सरला आदि सैकडों महिला श्रद्धालु मौजूद रही।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
मो. नं. : 9896772006

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
मो. नं. : 9466035040

# भाजपा चुनिंदा पूंजीपतियों को आर्थिक लाभ दे रही: लवली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली प्रदेश कांग्रेस** कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र में करोल बाग के हाथी चौक स्थित 'जवाब दो-हिसाब दो' अभियान के प्रथम चरण में आयोजित चौथी विशाल प्रतिज्ञा रैली में हजारों लोगों की मौजूदगी में भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार मध्यम, मझले और छोटे ट्रेडर्स की दुश्मन है और चंद चुनिंदा पूंजीपतियों के संरक्षण के लिए काम करती है तथा उनको आर्थिक लाभ, सरकारी मदद और लोन दिलाकर देश की जनता के पैसे को लूटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीलिंग की तलवार आज भी छोटे, मझले और मध्यम वर्ग ट्रेडर्स की गर्दन पर लटकी हुई है।





अरविन्दर सिंह लवली ने रैली में पहुचने से पहले करोल बाग स्थित हनुमान मंदिर जाकर बजरंग बली का आशीर्वाद लिया। प्रतिज्ञा रैली को कांग्रेस कोषाध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री अजय माकन ने भी संबोधित किया। करोल बाग जिला में आयोजित प्रतिज्ञा रैली की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री मदन खोरवाल और विरेन्द्र कसाना ने की। श्री लवली ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के कार्यकाल 2009 में यूपीए सरकार मोराटोरियम पालिसी लेकर आई थी जिसके तहत दिल्ली में अलग-अलग वर्गो की अनाधिकृत व्यवसायिक प्रॉपर्टी तथा अनाधिकृत कालोनियों जिनमें गांवों की विस्तारित आबादी, स्टोर, वेयरहाउस, फार्म उत्पादों के लिए गोदाम सहित आदि के खिलाफ होने वाली सीलिंग की कार्यवाही पर एक वर्ष के लिए रोक लगाई थी, परंतु वर्तमान की केन्द्र सरकार ने आज तक इस पर कोई पॉलिसी नही बनाई बल्कि हर बार कुछ समय की एक्सटेंशन देकर आगे बढ़ा दिया जाता है, जिससे इन वर्गो के लोगों पर सीलिंग की तलवार समय-समय पर लटकती है। कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि यदि कांग्रेस सरकार ने दिल्ली में सीलिंग रोकने के लिए विशेष प्रोटेक्शन एक्ट 2006 पास न किया होता तो आज 30 लाख से ज्यादा दुकानदार बेरोजगार हो जाते। रैली में प्रदेश अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली और कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन के अलावा अरुणाचल व मेघालय प्रभारी मनीष चतरथ, पूर्व केन्द्रीय मंत्री कृष्णा तीरथ, पूर्व सांसद रमेश कुमार, डा. उदित राज, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री हारुन यूसूफ, राजकुमार चौहान, डा. नरेन्द्र नाथ, मंगतराम सिंघल, किरण वालिया, रमाकांत गोस्वामी, सचिव अभिषेक दत्त, पूर्व विधायक जय किशन, नसीब सिंह, विजय लोचव, नीरज बसौया, भीष्म शर्मा, पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता, वीर सिंह धींगान, कुंवर करण सिंह, अनिल भारद्वाज, सुरेन्द्र कुमार, दर्शना रामकुमार, जिला अध्यक्ष मदन खोरवाल, विरेन्द्र कसाना, जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, राजेश चौहान, विष्णु अग्रवाल, धर्मपाल चंदेला, मनोज यादव, गुरचरण सिंह राजू, सतबीर शर्मा, चत्तर सिंह, ब्रहम यादव, जगजीवन शर्मा, हरनाम सिंह, पार्षद हाजी जरीफ, पूर्व जिला अध्यक्ष हरी किशन जिंदल, वरयाम कौर, रमेश सब्बरवाल, मौहम्मद उस्मान, जय करण चौधरी, अनुज आत्रेय, परमिन्दर शर्मा, राजीव शर्मा, सुनील बजाज, संदीप तंवर, रमेश पोपली, राज कुमार मग्गो, नरेश शर्मा नीटू, महेन्द्र भास्कर, अनिल मित्तर, राजकुमार मौजूद थे।



केंद्र सरकार की तानाशाही के खिलाफ 'मैं भी केजरीवाल' मुहिम की तैयारियों को लेकर विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा के नेतृत्व में वार्ड-18 जहांगीर पुरी में कार्यकर्ताओं की मीटिंग हुई। जिसमें विधानसभा अध्यक्ष परविंद्र सिंह, संगठन मंत्री जितेंद्र पाराशर, जिला सचिव अनुज सिंह, वार्ड अध्यक्ष लख्मी पाल और पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारत का संविधान और लोकतंत्र विश्व में सर्वश्रेष्ठ: दयानंद वत्स

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्र हितैषी समाज** दिल्ली के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने दिल्ली के बरवाला गांव में 73वें संविधान दिवस पर 26/11 मुंबई हमले के शहीदों को नमन करके राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द के प्रति संकल्पबद्ध रहने की शपथ ली। इस मौके पर शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने कहा कि भारत का संविधान और लोकतंत्र विश्व में सर्वश्रेष्ठ हैं। भारत की संवैधानिक व्यवस्था विश्व की सबसे बड़े लोकतांत्रिक व्यवस्था है। कुछ निहित स्वार्थी लोग हर दिन अक्सर चिल्लाते रहते हैं की भारत का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है।



जबकि सत्यता तो यह है कि ऐसे लोग लोगों में भ्रम फैलाते हैं। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर, संविधान और लोकतंत्र के नाम पर कुछ मुट्ठी भर लोग देश का अपमान करने से बाज नहीं आते। वत्स ने कहा कि संविधान ने हमें बहुत सारे मौलिक अधिकार दिए हैं।



अशोक विहार में आयोजित भागवत कथा के दौरान वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।

# गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर विशाल नगर कीर्तन का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली सिख** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया। यह नगर कीर्तन गुरुद्वारा सीसगंज साहिब से शुरू होकर विभिन्न स्थानों से होता हुआ देर रात गुरुद्वारा नानक प्याऊ साहिब पर समाप्त हुआ। गुरु ग्रंथ साहिब जी को अत्यंत सुंदर पालकी में सुशोभित किया गया था जिसकी अगुवाई अगुवाई पांच प्यारों ने की। नगर कीर्तन गुरुद्वारा सीसगंज साहिब से शुरू होकर खाली बौली, नवां आजाद चौक, मिठाई पुल बंगश, चौक घंटा घर, राणा प्रताप बाग होते हुए गुरुद्वारा नानक प्याऊ साहिब पहुंचा। पूरे रास्ते में





श्रद्धालुओं ने नगर कीर्तन में शामिल जत्थों संगत के लिए विभिन्न प्रकार के लंगर लगाए हुए थे। संगत द्वारा नगर कीर्तन का जगह-जगह पर स्वागत किया गया और नगर कीर्तन पर पुष्प वर्षा की गई। बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयकारे लगाए गए। नगर कीर्तन में बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाएं सहित हर वर्ग शामिल हुआ। नगर कीर्तन में विभिन्न स्कूली जत्थों के अलावा निहंग सिंह जत्थों ने भी गतके के जौहर दिखाये। इसके साथ ही नगर कीर्तन में गुरु साहिब के इतिहास से जुड़ी एक फिल्म भी दिखाई गई। इस अवसर पर दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि नगर कीर्तन में न केवल दिल्ली बल्कि जम्मू-कश्मीर और अन्य राज्यों ने भी भाग लिया है। उन्होंने कहा कि नगर कीर्तन में शामिल होने वाली संगत बहुत भाग्यशाली है कि उन्हें गुरु साहिब का आशीर्वाद मिला है। दोनों नेताओं ने कहा कि गुरु नानक देव जी उस समय दुनिया में आए जब दुनिया में अंधविश्वास फैला हुआ था उन्होंने कहा कि गुरु साहिब ने चार उदासियां कीं और विभिन्न वर्गों के लोगों को अंधविश्वास से बाहर निकालते हुए कड़ी मेहनत करने, नाम जपने और बांट कर छकने का उपदेश दिया।

उन्होंने कहा कि गुरु साहिब ने सभी लोगों को बताया कि जाति नाम की कोई चीज नहीं है बल्कि सबसे बड़ी चीज इंसानियत है। इस दौरान कमेटी के पदाधिकारी, सदस्य एवं अनुयायी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## विद्यालय में मनाया गया गुरु पर्व एवं संविधान दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**माता रामरखी** सनातन धर्म सरस्वती बाल मंदिर विद्यालय के प्रांगण में गुरु नानक जयंती पर्व एवं संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। वंदना के पश्चात आचार्या नमिता द्वारा संविधान दिवस के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने संविधान दिवस के विषय में बच्चों से कई प्रश्न भी पूछे, जिनके जवाब अधिकांश बच्चों द्वारा दिए गए। तत्पश्चात आचार्या तवलीन जी द्वारा 27 नवंबर, कार्तिक पूर्णिमा को मनाए जाने वाले पर्व गुरु नानक जयंती के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने गुरु नानक





देव जी के जीवन से संबंधित साखी, उनके द्वारा दिए गए उपदेश और उन उपदेशों को अपने जीवन में अपनाने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। इस अवसर पर कक्षा चतुर्थ की छात्रा जसनूर ने शबद गायन प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विज्ञान मेले में तृतीय स्थान प्राप्त विजेता कक्षा षष्ठी के छात्र अंशु को प्रधानाचार्या रेनू शर्मा द्वारा ट्राफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

वंदना सत्र के पश्चात सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा गुरुद्वारा भ्रमण किया गया, जहां उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब को नमन किया। वहां भी उन्हें गुरु नानक देव जी एवं गुरु ग्रंथ साहिब के विषय में जानकारी दी गई। प्रधानाचार्या रेणु शर्मा द्वारा गुरुद्वारा समिति का धन्यवाद किया गया और गुरुद्वारे से सभी छात्रों एवं विद्यालय परिवार को प्रसाद भी वितरित किया गया।

## माता रानी सभी के जीवन में खुशियां लाये: जोंटी





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**संगम** पार्क वार्ड के निगम पार्षद सुशील जोंटी ने कई इलाको में आयोजित कई धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत की और प्रभु का आशीर्वाद लिया। पार्षद सुशील जोंटी ने बताया कि संगम पार्क, राणा प्रताप बाग और लाल बाग में हुए श्याम बाबा और माता रानी के जागरण में गया और श्याम बाबा और माता रानी का आशीर्वाद लिया।

इस मौके पर निगम पार्षद सुशील जोंटी के साथ पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल यादव व कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर निगम पार्षद सुशील जोंटी ने माता रानी और श्याम बाबा से प्रार्थना की और कहा कि प्रभु सभी के जीवन में खुशियां लाये।

उन्होंने आगे बताया कि जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है, प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है। इसलिए सभी प्रभु की आराधना सच्चे मन से करें और हमेशा ही सत्य का साथ दें। उन्होंने यह भी कहा कि जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है उसे एक दिन सफलता अवश्य ही मिलती है। इसलिए सभी सत्य के पथ पर चलें। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजकों ने निगम पार्षद सुशील जोंटी का स्वागत भी किया।

# जगतपुर गांव में कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, पहुंचे जिला अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली कबड्डी** एसोसिएशन के अंतर्गत आने वाली चंद्रावल कबड्डी एसोसिएशन द्वारा चौथा कबड्डी प्रतियोगिता 2023-24 जगतपुर गांव में आयोजित की गई। इस आयोजन का संचालन करवाने वाले कोच सुरेन्द्र सिंह, सेकेट्री श्रवन कुमार, वाइस प्रेसिडेंट प्रवीन बढाना, सुनील कुमार, ज्वाइंट सेकेट्री सेलेश डेढा, मामचंद प्रधान और हरीश डॉक्टर वी आर चौधरी आदि ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जूनियर और सब जूनियर वर्ग में दिल्ली भर से लगभग 20 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमे सब जूनियर वर्ग में बजरंग क्लब प्रथम आया तो वही सब जूनियर बालिका वर्ग





में बीके फाइटर क्लब प्रथम आया। इस प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे करावल नगर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने विजेताओं को पुरुस्कार व ट्रॉफी प्रदान कर सभी बच्चो को आशीर्वाद देते हुए कहा कि इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं से ना सिर्फ युवाओं को शारीरिक मजबूती मिलती है बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत चेतना जागृत होती जो हमारे जीवन में आने वाली तमाम कठिनाइयों से लड़ने की ताकत प्रदान करती है। उन्होंने विजेताओं के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए हारने वाली टीमों की भी संदेश देते हुए कहा कि हार और जीत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। खेल प्रतियोगिताओं में या तो हम जीतते हैं या फिर कुछ नया सीखते हैं। इसलिए मन छोटा ना कर जीवन से हमेशा आगे बढ़ने का प्रयास जारी रखें।

# स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों का अनुसरण करके ही सशक्त समाज का निर्माण संभव:लखन सिंगला

**अनुकरणीय**

**8 स्व. रणवीर सिंह हुड्डा एक युगपर्वतक, गांधीवादी व किसानों-मजदूरों के मसीहा थे: लखन सिंगला**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला ने स्वतंत्रता सेनानी एवं भारतीय संविधान सभा के सदस्य स्व. रणवीर सिंह हुड्डा को नमन करते हुए कहा कि वे धर्म निरपेक्ष, जनतंत्र की नींव रखने वालों में से एक थे, भले ही वह आज हमारे बीच नहीं रहे, लेकिन उनके आदर्श हमारे लिए सदैव अनुकरणीय रहेंगे। उन्होंने कहा कि स्व. रणवीर सिंह हुड्डा एक युगपर्वतक, गांधीवादी व किसानों-मजदूरों के मसीहा थे, उन्होंने निस्वार्थ भाव से आम आदमी की सेवा में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था, ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी के आदर्शों को हमें अपनाना चाहिए तभी एक सशक्त समाज का निर्माण संभव हो सकता है। श्री सिंगला आज सेक्टर-17 स्थित रणवीर हुड्डा पार्क में उनकी 108वीं जयंती के अवसर पर माल्यार्पण करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान श्री सिंगला व अन्य कांग्रेसजनों ने स्व. रणवीर हुड्डा की अष्टधातु की प्रतिमा को गंगाजल से साफ किया और उस पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए लखन कुमार सिंगला ने कहा कि स्व. रणवीर हुड्डा के प्रयासों का ही परिणाम है कि हम आज आजादी की खुली हवा में सांस लें रहे है और हमारी युवा पीढ़ी को ऐसे महापुरूषों से प्रेरणा लेकर समाजसेवा व जनसेवा के कार्यो में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए, जिससे की समाज से बुराईयों का अंत हो सके। श्री सिंगला ने कहा कि स्व. रणवीर सिंह हुड्डा ने सदैव किसान, मजदूर व दबे-कुचले लोगों के हितों की आवाज उठाई और आज जिस प्रकार भाजपा सरकार किसानों पर अत्याचार कर रही है, उसे देखकर उनकी आत्मा जरूर आहत हो रही होगी, लेकिन अब जल्द ही यह सरकार सत्ताविहिन होगी और हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र ङ्कसह हुड्डा के नेतृत्व में बहुमत से कांग्रेस की सरकार का गठन होगा।

लखन सिंगला ने भाजपा सरकार पर महापुरुषों का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सेक्टर-17 का यह पार्क स्व. रणवीर सिंह हुड्डा के नाम पर है, लेकिन आज इस पार्क की बदहाली अपनी हालत स्वयं बयां कर रही है, पार्क में अव्यवस्थाओं का माहौल है और सायं ढलते ही यहां असामाजिक तत्व शराब आदि भी पीते है, परंतु प्रशासन ने अभी तक इस पार्क के रखरखाव के लिए कारगर कदम नहीं उठाए।

# जिला स्तरीय ऑफ आइस स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रतियोगिता**

**8 रिटायर्ड विंग कमांडर एस दुग्गल ने विजेता खिलाडियों को पदक और प्रमाण देकर सम्मानित किया**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।** ग्रेटर फरीदाबाद स्थित नव आरंभ स्पोर्ट्स एकेडमी में जिला स्तरीय ऑफ आइस स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि रिटायर्ड विंग कमांडर एवं एडवोकेट एस दुग्गल थे। हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन के सहयोग से बॉयज एवं गर्ल्स के विभिन्न आयु वर्गों ने प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमे इंटरनेशन स्केटर जतिन सहरावत,इंटरनेशनल स्केटर चेल्सी सिंह एवं इंटरनेशनल स्पीड स्केटर जिया सिंह का प्रदर्शन सराहनीय रहा। 6 वर्ष के आयु वर्ग में तेजस, 8 वर्ष आयु वर्ग में अनुज, 10 वर्ष आयु वर्ग में सुप्रतीक एवं गर्वित, 13 वर्ष आयु वर्ग में अनीशा भट्ट, निशिता भाटिया, एवं मयंक ने स्वर्ण पदक जीते।

मुख्य अतिथि एस दुग्गल ने विजेता खिलाडियों को पदक और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यही खिलाड़ी आगे चलकर देश,विदेश में आने माता पिता का नाम रोशन करेगें। फरीदाबाद जिला आइस स्केटिंग एसोसिएशन की प्रधान श्रीमती ममता सिंह ने बताया कि इस बार प्रतियोगिता में 35 खिलाडियों ने भाग लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### 2050 किलोग्राम नकली टाटा नमक सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच बोर्डर ने किया काबू

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बोर्डर प्रभारी जीतेन्द्र की टीम ने नकली टाटा नमक बेचने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम प्रवीण है जो एनआईटी की डबुआ कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए नकली टाटा नामक बेचते हुए आरोपी को दुकान से काबू कर लिया। आरोपी की दुकान डबुआ कॉलोनी में है। आरोपी के कब्जे से नकली टाटा नमक के 1-1 किलोग्राम के 2050 पैकेट बरामद किए गए। आरोपी नमक कहां से लाया इसका बिल भी नही था। टाटा नमक के लेवल और प्रिंटिंग को देखने पर पता चला कि नमक नकली है। जिसके पश्चात आरोपी के खिलाफ थाना डबुआ में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करके पूछताछ शुरू की गई। आरोपी यह नमक सस्ते दामों पर लाकर यहां दुकान में बेचता था। आरोपी को मामले में पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया। आरोपी को नकली नमक सप्लाई करने वाले आरोपी की तलाश जारी है जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### थानेसर हल्के की सडकों व गलियों के निर्माण पर खर्च किया जा रहा है करोड़ों का बजट: सुधा



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि शहर के सभी सडकों व वार्डों में गलियों का निर्माण कार्य शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। इन सडकों व गलियों के निर्माण पर सरकार की तरफ से करोड़ों रुपए का बजट खर्च किया जा रहा है। इतना ही नहीं सडकों व गलियों के निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखा जाएगा। अगर किसी सडक व गली के निर्माण में संबंधित अधिकारी या ठेकेदार द्वारा निम्र स्तर की सामग्री इस्तेमाल में लाई गई तो उसको बख्शा नहीं जाएगा। विधायक सुभाष सुधा वीरवार को रेलवे फाटक पुराना बाजार से भवानी खेड़ा तक बनने वाली सडक के निर्माण कार्य का शुभारंभ करने के उपरांत बातचीत कर रहे थे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा ने नारियल तोडक? विधिवत रुप से सडक के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि थानेसर हल्के के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में राज्य सरकार की तरफ से सड़कों व गलियों के नवनिर्माण पर करोड़ों रुपए का बजट खर्च किया जा रहा है। इस हल्के के खासकर ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में कोई भी मुख्य मार्ग खराब नहीं मिलेगा। सभी मार्गों का धीरे-धीरे निर्माण कार्य पूर्ण किया जाएगा।

शहर के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस शहर के विकास में लोगों के सहयोग की निहायत जरूरत होगी। सभी मिल कर शहर को विकसित और सुंदर बनाने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर बलबीर, कवि बजाज, सतीश शर्मा, गौरव भट्ट, अनिल पोपली, रामपाल पाली, हरीश अरोड़ा आदि मौजूद थे।

## गौपुत्र सेना ने 16 गोवंश से भरा ट्रक पकड़कर पुलिस को सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार** गौपुत्र सेना अग्रोहा टीम को गौ तस्करी रोकने में एक ओर कामयाबी मिली है। टीम ने अग्रोहा में 16 गौवंश से भरा ट्रक पकड़कर पुलिस को सौंपा है। मौके पर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया वहीं नंदी व गाय को ढंढूर स्थित गौ अभ्यारणय में उतारा गया है। गौपुत्र संजय कांगड़ा ने बताया कि वह अपने दोस्त प्रमोद स्वामी के साथ अग्रोहा से ठसका की तरफ जा रहा था। लांधड़ी गांव के पास पहुंचने पर एक ट्रक जाता दिखाई दिया जिसमें गोवंश होने की शक हुआ। इसकी सूचना उन्होंने डायल 112 पर दी।

# अच्छी शिक्षा राष्ट्र निर्माण के साथ सेवा और समाज में जागृति लाने का सशक्त माध्यम

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा संचालित करियर ग्रुप "सफलता मंत्र" के दूसरे स्थापना दिवस पर शनिवार सायं पिपली रोड़ स्तिथ शिक्षण संस्थान "जेनेसिस क्लासेज" में संगोष्ठी आयोजित की गई। जानकारी देते हुए ग्रुप प्रभारी अमरजीत पांचाल ने बताया कि वात्सल्य वाटिका संचालक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक के सान्निध्य में "विद्यार्थी जीवन की चुनौतियां व समाधान" विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें धर्मजीवी बीएड कालेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डा.मीनाक्षी शर्मा मुख्य वक्ता रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष चन्द्रमौलि



गौड़ ने की। संगोष्ठी में कई स्कूलों के प्रतिनिधि एवं शिक्षाविदों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम में आमंत्रित सभी आगन्तुकों को तिलक लगाया लगा। व्यवस्थापक सूबेदार रविन्द्र कौशिक टीम ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। शिक्षाविदों के परिचय उपरांत संगोष्ठी आरंभ हुई जिसमें मुख्य वक्ताओं संग समूह संरक्षक जितेन्द्र बंसल,सचिव सुनील अंगीरस, मार्गदर्शक मंडल सदस्य राजेश शांडिल्य व भूषण पाल मंगला,कुलदीप सिंह मोर व सूबे सिंह सुजान आदि शामिल हुए। स्वामी हरिओम दास परिव्राजक ने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक युग में युवा वर्ग विदेशों की ओर जा रहा है। इसके लिए अभिभावक व बच्चे हर संभव प्रयास करते हैं लेकिन कई बार आशानुकूल परिणाम नहीं मिलते और बच्चे डिप्रेशन का शिकार हो जाते हैं। इस विषय पर विदेश भेजने वाले निजी संस्थान पूर्व में ही बच्चों की काऊंसलिंग या अध्यात्म में अभ्यास करवाएं जिससे उनका मनोबल बढ़ेगा और वे हौंसले से हार को भी जीत में बदल देंगे। मुख्य वक्ता डा.मीनाक्षी शर्मा ने विद्यार्थियों को अपनी इच्छाशक्ति, दृढ़ निश्चय,समर्पण और अनुशासन के बूते पर आगे बढ़ने को कहा। उन्होंने कहा कि जीवन में वही असफल होता है,जो हालात से हताश होकर हार स्वीकार कर ले। डा.मीनाक्षी शर्मा ने स्वामी विवेकानंद के सुविचारों पर भी प्रकाश डाला। मार्गदर्शक मंडल सदस्य राजेश शांडिल्य ने कहा कि संस्कारों के अभाव में ही आज केवल धन अर्जित करने के लिए पढ़े लिखे नौजवान विदेशों की ओर मुख मोड़ रहे हैं।

# अनुराग ढांडा ने किसानों को खाद नहीं मिलने के मुद्दे पर उठाए कई सवाल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने रविवार को किसानों के मुद्दों को लेकर खट्टर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार के 9 साल के राज में अब तक किसानों को परेशानी ही झेलनी पड़ी है। पहले डीएपी खाद को लेकर और अब यूरिया को लेकर किसान दर दर भटकने को मजबूर हैं। पूरे प्रदेश में यूरिया की किल्लत है।

उन्होंने कहा कि किसान डिस्ट्रीब्यूशन सेंटरो के चक्कर लगाकर थक चुके हैं। यूरिया की मांग का एक तिहाई भी उपलब्ध



नहीं है। 50 से लेकर 100 रुपए तक ऊपर लेकर यूरिया पर कालाबाजारी चल रही है। किसानों को कहीं भी राहत नहीं मिल रही है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खट्टर अभी हाल में ही राजस्थान में जाकर कहते हैं कि किसानों को 2700 रुपए प्रति क्विंटल एमएसपी दिया जाएगा, जबकि हरियाणा में तो गेहूं का एमएसपी 2275 रुपए प्रति क्विंटल है और वो भी नहीं मिल पाता है। उसके लिए भी किसानों को सड़कों पर उतरना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खट्टर हरियाणा के किसानों से नफरत करते हैं और हरियाणा के किसानों के प्रति उनका रवैया बहुत ही निराशाजनक है। उनकी नियत किसानों को फायदा पहुंचाने की नहीं है। किसान आंदोलन के बाद से बीजेपी हरियाणा के किसानों को खत्म कर देना चाहती है।

## पलवल में कई संगठनों का महापड़ाव शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल** केएमपी और केजीपी इंटरचेंज पर स्थित अटोहा मोड़ पर रिटायर्ड कर्मचारी, मजदूर व किसान एक बार फिर राष्ट्रीय संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर 72 घण्टे के लिए धरने पर बैठ गए है। मजदूर-किसानों का यह पड़ाव 26 नवंबर से लेकर 28 नवंबर तक नेशनल हाईवे-19 पर अटोहा गांव के पास डाला गया है।

महापड़ाव पर पहुंचे मजदूर और किसानों ने केंद्र व प्रदेश सरकार पर किसानों के साथ वादे खिलाफत करने का आरोप लगाया है। राष्ट्रीय संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर पलवल में एक बार फिर रिटायर्ड कर्मचारी- मजदूर और किसान सक्रिय हो गए हैं।

# एनआईटी महिला थाना इंस्पेक्टर सविता व दुर्गा शक्ति टीम ने महिलाओं को अपराध के प्रति किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए एनआईटी महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सविता तथा दुर्गा शक्ति की टीम ने मुजेसर एरिया में स्थित शिवालिक लिमिटेड कंपनी में आमजन को पोक्सो, साइबर तथा महिला व बाल अपराध के बारे में जागरूक किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद पुलिस अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों को समाज में फैली कुरीतियों के बारे में जागरुक करने का काम भी कर रही है। अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ नागरिकों को अपराधों के प्रति जागरूक करना भी उतना ही आवश्यक है। पुलिस कार्य में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिसके तहत पुलिस की विभिन्न टीमें शहर के अलग-अलग स्थानों पर जाकर आमजन को कानून तथा कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करके उन्हें सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध लड़ने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। इसी क्रम में एनआईटी महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सविता व दुर्गा शक्ति की टीम ने शिवालिक लिमिटेड कंपनी में आमजन को वीडियो वेन के माध्यम से साइबर,महिला व बाल अपराध के बारे में जागरूक करते हुए उन्हें इस प्रकार की कुरीतियों से लड़ने के लिए प्रेरित किया। समाज में फैली कुरीतियों के बारे में जागरूक करते हुए इंस्पेक्टर सविता ने बताया कि समाज के कुछ नकारात्मक प्रवृत्ति के लोग भ्रूण हत्या, निरक्षरता, शोषण, नशा इत्यादि कुरीतियों को अपनी संस्कृति समझते हैं परंतु उन्हें यह ज्ञात होना चाहिए कि यह पूरे समाज के लिए नुकसानदायक है जिसकी वजह से समाज में अपराध और अपराधियों की संख्या में वृद्धि होती है। जन्म से पहले ही लिंग जांच करवाकर कन्याओं को गर्भ में ही मरवा दिया जाता है जो कि कानून के साथ-साथ मानव जगत की नजर में भी एक अपराध है।

# एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**धर-पकड़**

**8 आरोपी पर लड़ाई झगड़ा, और एटीएम फ्रॉड के फरीदाबाद और पलवल में 9 मामले हैं दर्ज**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 प्रभारी जोगिन्द्र सिहँ की टीम ने एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम पवन कुमार(30) है। आरोपी पलवल के गांव बढराम का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से आरोपी को बल्लबगढ़ के बस स्टैण्ड के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर फरीदाबाद के सेक्टर-8 में रहने वाले एक रिटायर्मेंन्ट एयर फोर्स कर्मचारी से धोखाधडी कर ए.टी.एम. कार्ड बदलकर करीब 1.60 लाख हजार रुपए निकालकर धोखाधडी की वारदात को अजांम दिया। जिसका मुकदमा थाना सेक्टर-8 में दर्ज है। आरोपी पर पहले भी एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने के मामले दर्ज है। जिसमें पलवल तथा फरीदाबाद में 9 मामले दर्ज है। आरोपी अभी अदालत से जमानत पर है। आरोपी मजदूरी का काम करता है। आरोपी नशा करने का आदी है। नशा की पूर्ती के लिए धोखाधड़ी की वारदातों को अनजाम देता है। आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस 1 दिन के रिमांड पर लेकर मामले में कार्रवाई करते हुए 17000 रुपए बरामद किए गए हैं। एटीएम फ्रॉड के मामले में पहले 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर 44500? बरामद कर जेल भेजा जा चुका है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा।

# रोटेरियन एच एल भूटानी ने मनाया 81वां जन्मदिन पर किया ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन

**रक्तदान शिविर**

**8 औद्योगिक इकाई की कई प्रमुख हस्तियां जन्मदिन पर बधाई दने के लिए पहुंची, 139 यूनिट रक्त एकत्रित**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** सेक्टर -58 इंडस्ट्रियल एरिया हाईफिट इंजीनियरस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कंपनी के चेयरमैन और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े रोटेरियन एच.एल.भूटानी का आज 81वां जन्मदिन था जिसके उपलक्ष्य में इस मेगा कैम्प का आयोजन किया गया था। इस कैम्प को सफल बनाने में रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ईस्ट ,आस्था और अर्थ ने विशेष भूमिका निभाई। वहीँ शहर की विभिन्न औद्योगिक इकाई ने इस कैम्प को सफल बनाने के लिए रक्तदान शिविर में भाग लिया जिसके बदौलत 139 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। औद्योगिक इकाइयों में -.ज्योति इंटरप्राइजेज , एचजीआई ऑटोमोटिव्स प्राइवेट लिमिटेड , इंपीरियल ऑटो इंडस्ट्रीज ,. सुपर स्क्रूज , सेनलब इंडस्ट्रीज लिमिटेड, विक्टोरिया ऑटो , ड्रॉपको ,स्टार वायर इंजीनियरिंग , केएल एक्सपोर्ट्स , स्वास्तिक मोटर्स सहित कई कम्पनी ने भाग लिया। रोटेरियन एच.एल.भूटानी ने अपने 81वां जन्मदिन के अवसर पर आए सभी महानुभावों का कैम्प में पहुँचने पर स्वागत करते हुए उनका प्लांट देकर स्वागत किया। वही इस पल को बड़ा गौरवपूर्ण बताय जब शहर की कई हस्तियां उनके एक बुलावे पर उनके इस नेक कार्य में शामिल होने के लिए पहुंची। रोटेरियन एच.एल.भूटानी ने कहा की वह पिछले 52 सालों से इस रक्तदान अभियान से जुड़े हुए है पहले वह खुद रक्तदान करते थे अब वह लोगों को जागरूक करने के लिए मौका मिलते ही ब्लड डोनेशन कैम्प लगाते है जिसमे उनके परिवार के सदस्य धीरज भूटानी ,नीरज भूटानी , रेशमी भूटानी , चारु भूटानी , और धर्मपत्नी सुषमा भूटानी का सदैव सहयोग मिलता रहा है इसके आलावा शहर का तो वह कर्जदार है जीने बदौलत आज वह इस मुकाम तक वह पहुंचे है। रोटेरियन एच.एल.भूटानी ने कहा की वह शहरवासियों से निवेदन करते है की जब भी मौका मिले या तो रक्तदान करे या फिर इस तरह के कैम्प का आयोजन कर लोगो को इस तरह के अभियान से जोड़े। आप के द्वारा दिया गया रक्त किसी की जान तो बचाएगा ही वही आप को स्वास्थ्य बनाने में भी अहम भूमिका निभाएग। रोटेरियन एच.एल.भूटानी ने कहा की आज इस रक्तदान शिविर मैं थलेसेमिया करिंएर डेटेशन टेस्ट की भी शुरूआत की गई है। इसमें अविवाहित लड़के लड़की की जाँच की सुविधा फ्री राखी गई है। जिससे भविष्य में थलेसेमिया बीमारी को पहले ही रोका जा सके। आगे से रोटरी क्लब जहां भी रक्तदान शिविर का आयोजन करेगा वहां इस तरह के टेस्ट की सुविधा का लाभ लोगों को मिल सकेगा। इस मौके पर रोटरी ब्लड बैंक की और से प्रेम पसरीचा और दीपक प्रसाद ने सभी रक्तदाताओं का रक्त दान करने के लिए धन्यवाद किया।

हाईफिट इंजीनियरस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में आयोजित रक्तदान शिविर में आज राज भाटिया अध्यक्ष एफआईए , सुपर स्क्रूज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक शम्मी कपूर ,सिक्यूरिको इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन सतीश गोसाई ,जेपी मल्होत्रा अध्यक्ष डीएलएफ , वीर भान शर्मा, अध्यक्ष ऋङ्खटळकअ और टीम , डॉ. एच के बत्रा, अध्यक्ष एफसीसीआई , एससी गर्ग, अध्यक्ष इंदल वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 58 , विक्टोरा ऑटो से वाईस चेयरमेन अजय सोमवंशी ,सामजसेवी , प्रेम पसरीचा, नवीन पसरीचा ,एमके मेहतानी, टीआर अरोड़ा, अरविंद चीमा, डॉ. आरएस वर्मा, पीसी कथूरिया, सुभाष कुमार, कुलबीर सचदेवा, सीए तरूण गुप्ता, श्रुति गुप्ता, अमित गर्ग, अंजलि जैन, सहायक मंडल अग्निशमन अधिकारी सत्यवान समरीवाल, अमित जोनेजा, पप्पू जीत सिंह सरना, विनय रस्तोगी, किशन कौशिक, जीएस दहिया, सचिन जैन, मनोज आहूजा, हनीश सिंगला, प्रोमोद मित्तल, वीरेंद्र मेहता, गौरव अरोड़ा, पूजा गुप्ता, योगेन्द्र गोयल, मनोज मित्तल सहित काफी संख्या में लोग पहुंचे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



## 'सीमा की सुरक्षा के लिए फिट और सतर्क रहें सैनिक'

### अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल ने वालोंग में जवानों का बढ़ाया हौसला

**सुरक्षा की बात**

**8 अंतरराष्ट्रीय सीमा देश की सुरक्षा के लिए संवेदनशील और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।**





**टीम एक्शन इंडिया/ईटानगर**
अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल केटी परनायक (सेवानिवृत्त) ने अंजॉ जिले के वालोंग का दौरा किया। राज्यपाल ने भारतीय सेना, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) और राज्य पुलिस के कर्मियों के साथ बातचीत की।
राज्यपाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश की अंतरराष्ट्रीय सीमा देश की सुरक्षा के लिए संवेदनशील और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उन्होंने संवेदनशील सीमाओं की रक्षा में भारतीय सशस्त्र बलों की वीरतापूर्ण परंपराओं को बनाए रखने और सतर्क रहने के लिए बलों को प्रोत्साहित किया।

**स्थानीय लोगों के साथ मिलजुल कर रहे जवान: राज्यपाल**

उन्होंने सीमा की रखवाली करने वाले जवानों को शारीरिक फिटनेस और मजबूत मानसिक सतर्कता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं, उन्होंने सीमा को सुरक्षित रखने के लिए कर्मियों के साथ आधुनिक सुरक्षा डिजाइन और कदम भी साझा किए। उन्होंने आगे जवानों से स्थानीय लोगों के साथ मिलजुल कर सद्भावना के साथ रहने की सलाह दी। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक आनंद मोहन, अंजॉ के उपायुक्त तालो जेरांग, पुलिस अधीक्षक राईक कामसी, बिहार, असम और पंजाब रेजिमेंट के अधिकारी और जवान और आईटीबीपी, बीआरओ, भारतीय वायु सेना के अधिकारी और राज्य पुलिस के जवान उपस्थित थे।

**भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य क्या है?**

राज्यपाल ने किबिथू में वाइब्रेंट बॉर्डर विलेज कार्यक्रम के तहत चयनित सीमावर्ती गांवों के निवासियों के साथ भी बातचीत की। ग्रामीणों के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जो लोग केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ नहीं उठा सके, उन्हें अगले साल 26 जनवरी से पहले लाभ दिया जाना चाहिए।

### यात्रा में समुदाय की भलाई पर विशेष ध्यान दिया गया है: राज्यपाल



**उन्होंने** बताया कि यात्रा में आदिवासी कल्याण और आदिवासी समुदाय की भलाई पर विशेष ध्यान दिया गया है और उन लोगों से अपील की गई है जिन्हें अभी तक केंद्र सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों से लाभ नहीं मिला है, वे आगे आएं और इसका लाभ उठाएं। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 सीखने और कौशल के बारे में है और उन्होंने सभी को नई नीति के कार्यान्वयन में योगदान देने की सलाह दी।

## जम्मू-कश्मीर के उरी में लश्कर के 3 आतंकी पकड़े गए



**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू**
कश्मीर के शोपियां में अंसार गजवत-उल-हिंद के एक आतंकवादियों के मददगार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यहशख्स शोपियां में हाबदीपोरा क्रॉसिंग से पकड़ा गया। पुलिस, 44 आरआर और सीआरपीएफ की 14 बटालियन की जॉइंट टीम ने इसे पकड़ा। इस व्यक्ति के पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। शोपियां पुलिस ने इसके खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इसके पहले रविवार सुबह उरी में झूला फुट ब्रिज के पास सुरक्षाबलों की जॉइंट नाका चेकिंग के दौरान लश्कर-ए-तैयबा के 3 आतंकी पकड़े गए।
सर्च के दौरान इनके पास से 3 चीनी ग्रेनेड और ढाई लाख रुपए कैश भी मिला है। उरी पुलिस स्टेशन में इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई है।

## इसरो के पहले मानव अंतरिक्षयान में कौन होगा सहयोगी




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
अंतरिक्ष में पहला मानव अंतरिक्ष यान भेजने की तैयारी में जुटा इसरो अपनी इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में किस देश को सहयोगी बनाएगा? अमेरिका या रूस? अभी नासा का पलड़ा भारी लग रहा है। नासा के प्रशासक बिल नेल्सन रविवार (27 नवंबर, 2023) को भारत पहुंच रहे हैं। उनकी भारत सरकार के अधिकारियों से भी मुलाकात होनी है और वह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के मुख्यालय का भी दौरा करेंगे, जहां भारत व अमेरिका के बीच भावी अंतरिक्ष सहयोग के मसौदे पर बात होनी है। अभी तक रूस भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र में सबसे बड़ा सहयोगी देश रहा है, लेकिन यूक्रेन युद्ध की वजह से दोनों देशों के अंतरिक्ष सहयोग के प्रभावित होने के संकेत मिल रहे हैं। ऐसे में नासा प्रमुख का भारत आने की अहमियत बढ़ गई है। एक तरफ भारत और रूस के बीच अंतरिक्ष सहयोग की रफ्तार धीमी पड़ रही है, वहीं अमेरिका के साथ इस क्षेत्र में रिश्ते मजबूत हो रहे हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच इस साल दो बार (जून और सितंबर, 2023) हुई द्विपक्षीय मुलाकातों में अंतरिक्ष सहयोग बहुत ही अहम रहा है। जी-20 शिखर सम्मेलन के ठीक पहले मोदी और बाइडन के बीच हुई मुलाकात के बाद जारी संयुक्त बयान में कहा गया, दोनों नेताओं ने अंतरिक्ष से जुड़े सभी क्षेत्रों में सहयोग स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। बाहरी अंतरिक्ष में खोज अभियान के लिए भारतीय एजेंसी इसरो और अमेरिकी एजेंसी इसरो के बीच साझेदारी को गहरा करने, वर्ष 2024 में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने और वर्ष 2023 के अंत तक मानव अंतरिक्ष उड़ान सहयोग साझेदारी को अंतिम रूप देने की सहमति बनी है। यह पहला मौका था जब दोनों देशों की सरकारों के प्रमुखों के बीच मानव अंतरिक्ष अभियान चलाने पर बात हुई थी।

## पुंछ के वन क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने चलाया तलाशी अभियान

**पुंछ/टीम एक्शन इंडिया**
**पुंछ** जिले में नियंत्रण रेखा के पास वन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सुरक्षाबलों ने रविवार को तलाशी अभियान शुरू किया है। एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि कुछ संदिग्ध गतिविधियों की सूचना के बाद मेंढर और कृष्णा घाटी सेक्टर के कई वन क्षेत्रों में सेना, पुलिस और सीआरपीएफ की टीम ने तलाशी अभियान शुरू किया है। मेंढर के बेहरा, कुंड, टोपा और कृष्णा घाटी सेक्टर में दारादुलियान, मंगनार, सलानी और उचाद टॉप में तलाशी अभियान जारी है। तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने आने-जाने वाले सभी रास्तों को सील कर दिया है।

## मुख्यमंत्री पटेल पहुंचे जापान, ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में निवेश पर की चर्चा



**टीम एक्शन इंडिया/गांधीनगर**
गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में राज्य का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल रविवार सुबह जपान की राजधानी टोक्यो पहुंचा। जापान में भारत के राजदूत एस. जॉर्ज ने मुख्यमंत्री पटेल के वहां पहुंचने पर उनका स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने यामानाशी प्रांत के गवर्नर कोटारो नागासाकी के साथ बैठक की और गुजरात में ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। गुजरात के गांधीनगर में आगामी 10 से 12 जनवरी तक आयोजित होने वाले वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2024 में उद्यमियों को निवेश के लिए आमंत्रित करने के उद्देश्य से यह प्रतिनिधिमंडल 26 नवंबर से 02 दिसंबर तक विदेश दौरे पर है। जापान के बाद यह प्रतिनिधिमंडल सिंगापुर की यात्रा करेगा। गुजरात सरकार के मुताबिक मुख्यमंत्री पटेल और प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों ने यामानाशी हाइड्रोजन कंपनी का दौरा किया। उन्होंने यामानाशी के गवर्नर से गुजरात में ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं के बारे में चर्चा की। मुख्यमंत्री ने ग्रीन हाइड्रोजन की सप्लाई, सेलिंग तथा सर्विसिंग प्रक्रिया का डेमॉन्स्ट्रेशन भी देखा। गवर्नर नागासाकी कोटारो ने कहा कि यामानाशी हाइड्रोजन कंपनी इस डेमॉन्स्ट्रेशन सहित ग्रीन हाइड्रोजन में अन्य इनीशिएटिव्स से आगामी वाइब्रेंट समिट में सहभागी होने को उत्सुक है। कोटारो ने मुख्यमंत्री पटेल और गुजरात के प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए आशा व्यक्त की कि यह मुलाकात द्विपक्षीय संबंधों को अधिक सुदृढ़ बनाएगी। उन्होंने जापान द्वारा ग्रीन हाइड्रोजन सेक्टर में अपनाए जा रहे नए दृष्टिकोणों का प्रतिनिधिमंडल के समक्ष विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया। मुख्यमंत्री पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, नेशनल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन प्लान, 2070 तक नेट जीरो कार्बन इमिशन के लक्ष्य जैसी पहलें हुई हैं। मुख्यमंत्री ने गुजरात में रिन्यूएबल एनर्जी पोर्टफोलियो 100 गीगावॉट तक ले जाने के लक्ष्य तथा गुजरात न्यू रिन्यूएबल पॉलिसी की जानकारी दी। उन्होंने यामानाशी गवर्नर को रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर तथा ग्रीन हाइड्रोजन सेक्टर में जापान-गुजरात के संबंधों को नए अवसर देने तथा नए निवेशों के लिए वाइब्रेंट समिट 2024 में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

**चर्चा की**

**8 यामानाशी के गवर्नर से गुजरात में ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं के बारे में चर्चा की।**

## राज्यपाल ने मुंबई में 26/11 हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**महाराष्ट्र** के राज्यपाल रमेश बैस और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को दक्षिण मुंबई स्थित शहीद स्मारक पर 15 साल पहले 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकी हमले के दौरान आर्तकियों से लड़ते हुए शहीद हुए जवानों को पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, मुंबई शहर के प्रभारी मंत्री दीपक केसरकर सहित तमाम अधिकारी उपस्थित थे। इस हमले में विदेशी नागरिकों सहित 166 लोग मारे गये थे और 300 से अधिक घायल हो गये। मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि 15 साल पहले हुए हमले के बाद मुंबई पुलिस शहर की आंतरिक सुरक्षा उपायों को मजबूत किया गया है। एक दर्जन से अधिक लैंडिंग स्थलों की पहचान की गई है जो असुरक्षित हो सकते हैं और वहां चौबीसों घंटे गश्त की जाती है। साथ ही तटीय सुरक्षा में मदद के लिए नई त्वरित प्रतिक्रिया पुलिस टीमें भी तैनात की हैं और ड्रोन भी जोड़े हैं। उल्लेखनीय है कि लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने 26 नवंबर 2008 की रात को मुंबई में प्रवेश किया था और चार दिनों के दौरान विदेशी नागरिकों सहित 166 लोगों की हत्या कर दी थी और कई अन्य को घायल कर दिया था। पाकिस्तानी आतंकियों ने अधिकतम क्षति पहुंचाने के लिए बहुत सावधानी से अपने लक्ष्य चुने- ताज और ओबेरॉय होटल, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, नरीमन हाउस में यहूदी केंद्र और लियोपोल्ड कैफे - क्योंकि इन स्थानों पर यूरोपीय, भारतीय और यहूदी अक्सर आते थे।

**सुरक्षा**

**8 तटीय सुरक्षा में मदद के लिए नई त्वरित प्रतिक्रिया पुलिस टीमें भी तैनात की हैं और ड्रोन भी जोड़े हैं।**

## मुसलमानों की बढ़ती आबादी चिंता का विषय: प्रवीण तोगड़िया



**टीम एक्शन इंडिया/ बरेली**
**अंतरराष्ट्रीय** हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया आज बरेली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस तेजी से मुसलमानों और ईसाइयों की आबादी बढ़ रही है, उससे आने वाले 50 साल में मुगल सल्तनत हो जाएगी और भारत का प्रधानमंत्री, प्रदेश का मुख्यमंत्री, डीएम, कलेक्टर एसपी हर कोई मुसलमान होगा। फिर यह राम मंदिर सुरक्षित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि इस्लाम 14 सौ साल पहले आया, क्रिश्चियन 2000 साल पहले और उससे पहले सब हिंदू थे, लेकिन करोड़ों हिंदुओं का कत्ल किया गया। इसके बाद एक बार फिर से मुसलमानों की बढ़ती आबादी चिंता का विषय है। वहीं उन्होंने कहा कि वह 100 करोड़ हिंदुओं को आपस में एक करना चाहते हैं, इसके लिए आने वाले 5 साल में 11 लाख स्थानों पर एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ हुआ करेगा।

## 'महुआ ने देश की सुरक्षा से खिलवाड़ किया, ममता का समर्थन शर्मनाक'




**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता:** संसद में सवाल पूछने के बदले पैसे लेने के आरोपों का सामना कर रहीं तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की महिला सांसद महुआ मोइत्रा कठघरे में हैं। 'कैश फॉर क्वेरी' नाम से चर्चित इस मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ सीबीआई जांच शुरू होने की खबरें भी सामने आई हैं। इस मामले में बीजेपी तृणमूल पर हमले का कोई भी मौका गंवाना नहीं चाहती। ताजा घटनाक्रम में पश्चिम बंगाल की बीजेपी विधायक अग्निमित्रा पॉल ने महुआ के साथ-साथ तृणमूल सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। अग्निमित्रा पॉल ने कैश फॉर क्वेरी विवाद और इसकी सीबीआई जांच से जुड़े एक सवाल पर कहा, "हमें पता था कि ऐसा होगा। जिसने नकद और दूसरे प्रकार की रिश्वत लेकर देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया है, उसके खिलाफ सीबीआई जांच होनी ही चाहिए।" महुआ मोइत्रा पर डिजिटल संसद पोर्टल की सुरक्षा से समझौता करने का आरोप लगाते हुए भाजपा विधायक ने कहा, तृणमूल सांसद ने अपना पासवर्ड संसद के बाहर के किसी व्यक्ति के साथ साझा करके देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया है। उन्हें आईडी-पासवर्ड साझा नहीं करना चाहिए था। जिसके साथ विवरण शेयर किया गया है।

## अब हौसले के साथ आतंकवाद को कुचल रहा भारत

**टीम एक्शन इंडिया/मीरजापुर**
**26** नवंबर की तारीख हम भूल नहीं सकते। यह वह दिन था जब जघन्य आतंकी हमला से मुंबई समेत पूरा देश थर्रा उठा था। भारत का सामर्थ्य है कि हम इस हमले से उबरे और अब हौसले के साथ आतंकवाद को कुचल रहे हैं। पूरा देश आज आतंकी हमले में शहीद उन सभी पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दे रहा है और उन्हें याद कर रहा है। यह बातें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के 107वें एपिसोड में कही और भाजपा कार्यकताओं व विंध्यवासियों ने ध्यान से मोदी की मन की बात सुनी।

**लोकल फॉर वोकल का बढ़ा ट्रेंड:** मन में विचार आया कि संविधान दिवस मनाया जाए। तब हमने प्रयास किया और तभी से प्रतिवर्ष संविधान दिवस के रूप में 26 नवम्बर मनाया जा रहा है। मोदी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत लोकल फॉर वोकल का ट्रेंड बढ़ा है। त्यौहारों पर वोकल फॉर लोकल की अहम भूमिका रही है।
साथ ही मोदी ने जल संरक्षण और डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के लिए कैश पेमेंट न करने की भी अपील की।

## राजधानी में घर में गैस रिफिलिंग के दौरान भभकी आग, महिला समेत 5 झुलसे



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**राजधानी** भोपाल में तमाम कोशिशों के बावजूद भी अवैध गैस रिफलिंग का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को राजधानी के शाहपुरा क्षेत्र में एक घर में गैस सिलेंडर में रिफलिंग के दौरान आग भभक गई। जिसकी वजह से एक महिला समेत पांच लोग झुलस गए। सभी को ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी अनुसार शाहपुरा थाना क्षेत्र के एक घर में अवैध रुप से गैस रिफिलिंग का काम किया जा रहा था। रविवार को गैस भरन के दौरा सिलेंडर में लीकेज हो गया और आग भड़क गई। आग भड़कने से एक महिला समेत पांच लोग बुरी तरह से झुल गए। जिन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। जहां सभी घायलों का उपचार जारी है। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। इधर घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची।

### सीएम ने जातीय गणना की बातों पर चर्चा करते हुए कहा कि हमने सबके हित में काम किया है। वर्ष 2005 में हम आए, तब से काम ही कर रहे हैं...

## भीड़ को देखकर राजधानी दिल्ली में बैठे लोगों में हलचल हो रही है: नीतिश कुमार मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**जनता** दल यूनाइटेड (जदयू) के भीम संसद को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश ने रविवार को कहा कि आज यहां पर उपस्थित भीड़ को देखकर दिल्ली में बैठे लोगों में हलचल हो रही है। उन्होंने कहा कि इतनी भीड़ इस ग्राउंड में पहले नहीं देखी गई। नीतीश कुमार ने कहा कि दो लाख से कम लोग यहां जमा नहीं हुए हैं। मैं आपकी सेवा करता हूं। आपकी इतनी संख्या देखकर मैं और सेवा करूंगा। आजकल जो लोग दिल्ली में राज कर रहे हैं। हर चीज को प्रचारित करते हैं, वो इस भीड़ को देख लीजिए। इसके साथ कल अपना वाला देख लिजिएगा। उनका तो बोगस कार्यक्रम ना हुआ। देख लीजिए हम लोगों की पार्टी के कार्यक्रम में कितना फर्क है। सीएम ने जातीय गणना की बातों की चर्चा करते हुए कहा कि हमने सबके हित में काम किया है। वर्ष 2005 में हम आए, तब से काम ही कर रहे हैं। हमने जातीय गणना करवाई। केंद्र से भी कहा था लेकिन वो नहीं माने तो हमने बिहार में करवाया। गणना के बाद आरक्षण का दायरा बढ़ाया गया। सीएम ने कहा कि जरा देख लीजिए हम लोग के यहां कितना भीड़ है और उसके पास कितना भीड़ था। आप जानते हैं जब कभी भी दलित को लेकर अखबार या कहीं भी कुछ देखते थे तो उसी दिन हम अधिकारियों से चर्चा करते थे और इसकी जानकारी लेते थे। आज देख लीजिए हम लोगों का कहीं कोई प्रचार हो या नहीं हो इतना लोग का भीड़ है। हम सभी लोगों के साथ हैं। समाज के सभी लोगों का हम सेवा करते हैं। नीतीश कुमार ने कहा कि हम तो शुरू से ना इन लोगों के बारे में बोलते रहे हैं जी। इन लोगों को पहले किसी ने ध्यान दिया था। दलितों के लिए तो हम ही लोगों ने सब काम शुरू किया। लोगों को पढ़ने के लिए लोगों को आगे बढ़ाने के लिए हम सब कितना काम करवाए हैं। आज इसका फायदा है कि सभी लोग आगे बढ़ रहे हैं। अभी भी आप लोग चिंता मत करिए आप लोग को लगता होगा कि यदि और काम होना चाहिए तो हमको जरूर बताइए। इस दौरान कम जब भाषण दे रहे थे तो कुछ लोग कागज दिखा रहे थे।

**8 दलित को लेकर अखबार या कहीं भी कुछ देखते थे तो उसी दिन हम अधिकारियों से चर्चा करते थे और इसकी जानकारी लेते थे।**

## संविधान दिवस पर दिलाई मूल्यों और आदर्शों की शपथ

**टीम एक्शन इंडिया/मीरजापुर**
**संविधान** दिवस के अवसर पर रविवार को जनपद के सभी कार्यालयों में अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलायी गई। संविधान में निहित मूल्यों और आदर्शों तथा राष्ट्र की एकता व अखण्डता बनाये रखने के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। आयुक्त कार्यालय में अपर आयुक्त प्रशासन अभय पांडेय ने कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों व उपस्थित अधिवक्ताओं को संविधान में निहित मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति शपथ दिलाई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने मौलिक अधिकारों व संविधान में निहित कर्तव्यों आदि से अवगत कराते हुए संविधान में राष्ट्र की एकता व अखंडता व भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने एवं एकता व अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित एवं आत्मार्पित होने के दृष्टिगत शपथ दिलाई।